दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश... — www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026 | शुक्ल पक्ष-एकादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 15 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

अब 'सरेंडर' की होगी कड़ी जांच, एसपी स्तर पर तैयार होगा नक्सलियों का रिकॉर्ड

■ पिछले जीवन का तैयार होगा ब्योरा, एसपी को जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आत्मसर्मपण करने वाले नक्सलियों का अब सत्यापन होगा। खास बात ये है कि इस काम के लिए राज्य सरकार ने नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को अधिकृत किया है। सत्यापन के दौरान समर्पितों द्वारा दी गई जानकारी का ब्योरा तैयार किया जाएगा। मार्च में छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है, लेकिन इससे पहले राज्यभर में करीब 2700 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में वामपंथी उग्रवाद के खात्मे और नक्सलियों के मुख्यधारा में लौटने की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार के गृह विभाग (सी-अनुभाग) द्वारा जारी इस नवीन आदेश के तहत, अब नक्सल प्रभावित जिलों के जिला पुलिस अधीक्षकों को आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

करोड़ों के इनामी और महिला कमांडरों ने छोड़ी बंदूक

- **बड़ा सरेंडर:** मार्च 2026 में एक साथ 108 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- **इनामी कैडर:** इनमें 8-8 लाख के 6 डिवीजनल सदस्य और 1 करोड़ का एक इनामी शामिल।
- **महिला शक्ति:** हालिया 15 आत्मसमर्पितों में 9 महिलाएं, संगठन से मोहभंग की पुष्टि।
- **बड़े नेता शामिल:** समर्पण करने वालों में कंपनी कमांडर से लेकर एरिया कमेटी के सदस्य भी।

पिछले जीवन का तैयार होगा ब्योरा

राज्य में नक्सलियों के सत्यापन के पीछे वजह ये है कि समर्पण करने वाले नक्सलियों के पूर्ववृत यानि उनके पिछले जीवन की जानकारी ली जाएगी। आत्मसमर्पित माओवादियों द्वारा दी गई जानकारी को निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर बना मुख्यधारा का सबसे बड़ा केंद्र

- **कुल वापसी:** जनवरी 2024 से मार्च 2026 तक 2,714 माओवादियों ने छोड़ी हिंसा।
- **बस्तर का प्रभाव:** बस्तर संभाग से 2,625 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- **बढ़ता ग्राफ :** 2024 में 881 के मुकाबले 2025 में यह संख्या 1,973 तक पहुँची।
- **रिकॉर्ड सफलता:** मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ 'नक्सल मुक्त' होने की राह पर सबसे आगे।

केंद्र सरकार के निर्देश का करेंगे पालन

यह निर्णय भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व में जारी (2013 एवं 2022) नक्सलियों के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्ययोजना के दिशा-निर्देशों के परिपालन में लिया गया है। केंद्र सरकार की नीति के बिंदु 62 के अनुसार, कोई भी नक्सल कैडर जिला मजिस्ट्रेट, एसपी, रेंज डीआईजी, या अन्य अधिसूचित अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए स्वतंत्र है।

जरूरी डाक्यूमेंट बनवाए जा रहे

आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना का लाभ दिया जा रहा है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों का सत्यापन कराया जा रहा है। उनका आधार कार्ड बनवाएं जा रहे हैं। बैंक खाता खुलवाया गया है। बैंकों से टाईअप भी किए हैं। सभी जरूरी डाक्यूमेंट बनवाए जा रहे हैं।

- शलभ सिन्हा, एसपी, जगदलपुर

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना...। लोग बंगाल में खेला होने की उम्मीद कर रहे थे लेकिन दिल्ली में गजब तमाशा हो गया। सात राज्यसभा सांसदों ने झाड़ू से पल्ला झाड़कर कमल थाम लिया। घुंघरू सेठ और उनके मुनीमों को भनक तक नहीं लगी और पंजाब में भांगड़ा हो गया। इसका असर गुजरात पर भी पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी नगरीय निकाय चुनाव में गरबा करने की तैयारी में थी। दो की लड़ाई में तीसरे के फायदा वाली कहावत कांग्रेस पर चरितार्थ हो सकती है। उसकी पंजाब विधानसभा चुनाव में बल्ले बल्ले हो सकती है।

डिनर के दौरान फायरिंग, ट्रंप सुरक्षित

चश्मदीद बोले- 7 राउंड फायरिंग हुई, -गेस्ट टेबल के नीचे छिपे; हमलावर पकड़ाया

वॉशिंगटन/वार्ता। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया।

हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलवार की तस्वीर सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर शेयर की। इसका नाम कोल टॉमस एलन बताया जा रहा है। यह कैलिफोर्निया का रहने वाला है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यह घटना मुझे ईरान जंग जीतने से नहीं रोक पाएगी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गोलीबारी के बाद बयान जारी कर अपनी और पूरी कैबिनेट की सुरक्षा की पुष्टि की है। उन्होंने सीक्रेट सर्विस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए बताया कि शूटर पकड़ा जा चुका है। ट्रंप ने घोषणा की है कि यह कार्यक्रम अगले 30 दिनों के भीतर फिर से आयोजित किया जाएगा।

पाक दौरा रद्द, ट्रम्प बोले- प्लेन में 18 घंटे बैठकर बेकार की बातें करने नहीं जाना

वॉशिंगटन।अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित सीजफायर वार्ता ठप पड़ गई है क्योंकि ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफऔर ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर का दौरा रद्द हो गया है। यह दूसरी बार है जब दोनों देशों की मीटिंग टली। इससे पहले ईरान ने शांति वार्ता न करने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि पहले अमेरिका अपनी होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटाए तब ही हम बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अपने दूतों को पाकिस्तान न जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, यात्रा में बहुत समय लगता है। 18 घंटे समय बर्बाद कर बेकार की बातें करने नहीं जाना। अगर ईरान बात करना चाहता है तो उन्हें बस एक फोन करना है।

पीएम ने की गोलीबारी की निंदा

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वाशिंगटन डीसी के होटल में हुई इस सुरक्षा घटना के बाद राष्ट्रपति ट्रंप, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति के सुरक्षित होने की खबर राहत देने वाली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इस तरह की घटनाओं की पूरी तरह निंदा होनी चाहिए।

ट्रम्प बोले-आज की शाम काफी हलचल भरी रही

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, वॉशिंगटन में आज की शाम काफी हलचल भरी रही। सीक्रेट सर्विस और लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने शानदार काम किया। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की। हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि कार्यक्रम जारी रखें।

जहां कार्यक्रम हो रहा था उसी में ठहरा था हमलावर, गिरफ्तार

पुलिस विभाग के अंतरिम चीफ जेफ्री कैरोल के मुताबिक, हमलावर उसी होटल में मेहमान था, जहां व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट का डिनर कार्यक्रम हो रहा था। जिस कमरे में वह ठहरा था, पुलिस उसकी भी जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। वॉशिंगटन डीसी की मेयर ने बताया कि हमलावर का अभी अस्पताल

वर्तमान समय में बुद्ध के विचार और भी अहमः पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज दुनिया जिस तरह के तनावों और संघर्षों से गुजर रही है। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अहम हो गए हैं। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे। मैं आप सभी देशवासियों को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं देता हूँ। भगवान गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने हमें सिखाया है कि शांति हमारे भीतर से शुरू होती है, उन्होंने बताया है कि स्वयं पर विजय सबसे बड़ी विजय होती है। आज दुनिया जिस तरह के तनावों और संघर्षों से गुजर रही है। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अहम हो गए हैं।

उन्होंने कहा, दक्षिण अमेरिका के चिली में एक संस्था भगवान बुद्ध के विचारों को आगे बढ़ा रही है। लद्दाख में जन्मे ड्रबपोन ओत्जर रिनपोचे के मार्गदर्शन में काम हो रहा है। ये संस्था ध्यान और करुणा को लोगों के जीवन से जोड़ रही है। कोचीगुआज घाटी में बना स्तूप लोगों को शांति का अनुभव कराता है। वाकई, यह देखकर गर्व होता है। भारत की प्राचीन धारा पूरी दुनिया तक पहुँच रही है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्याः राहुल गांधी बोले-चरम पर टीएमसी का जंगलराज

नई दिल्ली (वार्ता)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस के कद्दावर नेता राहुल गांधी ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अब लोकतंत्र नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस का आतंक का शासन चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस हिंसक राजनीति के सामने कभी नहीं झुकेगी। श्री गांधी ने रविवार को देबदीप की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और कहा कि कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
44°	27°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
1,54,040	247000

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
76,664.21	23,897.95

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,289,447,424	1,474,546,544

गरमा-गरम

शिवानी रचा इतिहास

रायपुर। अम्बिकापुर की प्रतिभाशाली गोल्फ खिलाड़ी शिवानी सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, लगी आग

■ 6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफके दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की एलएक्स147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1:08 बजे टेकऑफकरने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी।

लैंडिंग गियर में धुआं दिखा

स्वीस एयरलाइन ने एक बयान में कहा, हमें दिल्ली में फ्लाइट एलएक्स147 से जुड़ी घटना के बारे में जानकारी मिली है। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस ए330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है।

नहीं रहे प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय, 83 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली (वार्ता)। भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैंसर श्री राय के मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी होने लगी थीं। कैमरे की नजर



से भारत के विविध रंगों और जीवन के अनेक पहलुओं को दुनिया के सामने पेश करने वाले श्री राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, पुत्र नितिन और तीन पुत्रियां लगन, अवनि और पूर्वाई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में किया जाएगा। श्री राय ने भोपाल गैस त्रासदी जैसी ऐतिहासिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्य के लिए गौरव का क्षणः 'मन की बात' में गूंजी प्रदेश के संरक्षण प्रयासों की गूंज

■ सीएम साय बोले- राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलना प्रदेशवासियों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं कड़ी में छत्तीसगढ़ के योगदान और नवाचारों का विशेष उल्लेख किया गया। प्रधानमंत्री ने प्रदेश में काले हिरणों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे राज्य के लिए गौरवशाली क्षण बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रतिबद्धता अब देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बन रही है।

नवाचार-एकजुटता की झलक

प्रधानमंत्री जी एक अभिभावक की तरह संवाद करते हैं। राष्ट्रीय मंच पर राज्य की उपलब्धियों का लगातार जिक्र न केवल हमारी पहचान सुदृढ़ करता है, बल्कि प्रदेशवासियों के मनोबल को भी नई ऊंचाई देता है।

छत्तीसगढ़ के ये विषय रहे चर्चा में

- **काले हिरण का संरक्षण:** जैव विविधता की दिशा में छत्तीसगढ़ के ठोस कदमों को राष्ट्रीय पहचान मिली।
- **बांस से महिला सशक्तिकरण:** बांस को विशेष श्रेणी में शामिल करने से महिलाओं की आय में हुई वृद्धि का उल्लेख।
- **ऊर्जा में आत्मनिर्भरता:** पवन ऊर्जा की संभावनाओं पर जोर, जिससे राज्य के भविष्य को नई ऊर्जा मिलेगी।

अकाउंटेंट को गुटखा लेने भेजा ड्राइवर 50 लाख लेकर भागा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गीतांजलि नगर इलाके में रहने वाले कंस्ट्रक्शन कारोबारी का 50 लाख रुपए लेकर ड्राइवर फरार हो गया। आरोपी कारोबारी के अकाउंटेंट को थाने के पास उतारकर गुटखा लेने भेजा। इस दौरान वह पैसे और गाड़ी लेकर भाग निकला। कारोबारी के रिश्तेदार अखिलेश प्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित कारोबारी का नाम उमेश प्रसाद है, जबकि आरोपी ड्राइवर का नाम कृष्णा साहू बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

अकाउंटेंट को गाड़ी से उतारा, पैसे लेकर भागा

खम्हारडीह पुलिस के अनुसार कारोबारी उमेश प्रसाद कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं और उनका घर गीतांजलि नगर में है। शनिवार 25 अप्रैल को उन्होंने अपने अकाउंटेंट और ड्राइवर कृष्णा साहू को 50 लाख रुपए नकद देकर कार (सीजी 04क्यूजी 663) से घर पहुंचाने के लिए कहा।

मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। अकाउंटेंट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परेशानी : 83 करोड़ बकाया से किसान आक्रोशित, 10 दिन में भुगतान नहीं तो मिलों में अंदोलन और तालाबंदी

छत्तीसगढ़ के शक्कर कारखाने वेंटिलेटर पर, 267 करोड़ का घाटा

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सहकारिता के आधार पर संचालित शक्कर कारखाने इन दिनों गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। सरकारी कुप्रबंधन और लगातार बढ़ते घाटे ने हालात इतने बिगाड़ दिए हैं कि राज्य के चारों प्रमुख कारखाने बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। मिलों पर कुल 267 करोड़ रुपये का भारी घाटा हो चुका है, जिसका सीधा असर अब गन्ना किसानों पर पड़ रहा है। इस संकट का असर आम जनता तक भी पहुंच रहा है। शक्कर उत्पादन में भारी गिरावट के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शक्कर की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। प्रदेश के कई इलाकों में उचित मूल्य की दुकानों पर शक्कर का स्टॉक खत्म हो चुका है और 50 से 60 प्रतिशत राशन कार्डधारियों को शक्कर नहीं मिल पा रही है।

उत्पादन में भारी गिरावट

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 के लिए 12.64 लाख मीट्रिक टन शक्कर उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन 15 फरवरी तक केवल 56,707 मीट्रिक टन उत्पादन ही हो सका है। उत्पादन में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

83 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित

मिलों द्वारा किसानों का करीब 83 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। लंबे समय से बकाया राशि नहीं मिलने के कारण किसानों में भारी आक्रोश है। किसान नेताओं ने सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि यदि तय समय में भुगतान नहीं हुआ तो चारों मिलों के गोदामों में ताला जड़कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

15 दिनों के भीतर भुगतान का नियम

केंद्र सरकार के नियमों के मुताबिक किसानों को 15 दिनों के भीतर भुगतान किया जाना अनिवार्य है, लेकिन छत्तीसगढ़ में यह नियम वर्षों से कागजों तक ही सीमित है। हजारों किसानों की आजीविका भी संकट में पड़ सकती है।

क्या कहतें है आंकड़े

- **कुल घाटा:** 267 करोड़
- **किसानों का बकाया:** 83 करोड़
- **प्रभावित मिलें:** 4 सहकारी शक्कर कारखाने
- **गन्ना आपूर्ति में गिरावट:** लगभग 40-60% कमी (अनुमानित)
- **उत्पादन लक्ष्य:** 12.64 लाख मीट्रिक टन
- **वास्तविक उत्पादन:** 56,707 मीट्रिक टन (15 फरवरी तक)
- **लक्ष्य के मुकाबले उत्पादन:** करीब 4-5%
- **प्रभावित किसान:** हजारों की संख्या में
- **पीडीएस प्रभावित:** 50-60% राशन कार्डधारी
- **भुगतान देरी:** कई महीनों से लेकर वर्षों तक

संक्षिप्त खबरें

आरएसएस के सामाजिक समरसता सम्मेलन में सामाजिक सद्भावना बनाए रखने का संकल्प लिया

गरियाबंद /नवप्रदेश।। आरएसएस के सामाजिक समरसता सम्मेलन में सामाजिक सद्भावना बनाए रख सशक्त हिंदू राष्ट्र बनाए रखने का संकल्प लिया गया।बौद्धिक में प्रभारी सुधीर गौतम बोले समस्या का समाधान कानून से नहीं संगठित समाज के निर्णय से होता है। आज देवभोग के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने खंड स्तरीय समरता सम्मेलन का आयोजन किया।जिसमें देवभोग खंड क्षेत्र से विभिन्न हिंदू समाज के पदाधिकारी और प्रमुख ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।प्रमुख वक्ता के तौर पर सामाजिक समरसता के प्रदेश सह प्रभारी सुधीर गौतम पहुंचे हुए थे।खंड संघचालक आचार्य मनोज रघुवंशी के मौजूदगी में सुधीर गौतम ने समाज प्रमुखों को संबोधित कर सनातनी हिंदू समाज को संगठित रखने सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ ही हिंदुत्व के भाव जागृत करने की अपील किया।वक्ता ने कहा कि ऐसे बैठके विशेष अवसर पर ही नहीं बल्कि प्रत्येक 3 माह में स्थानीय स्तर पर किए जाने चाहिए।वक्ता ने अन्य समाज की तुलना में हिंदू समाज के कमजोर संगठन पर चिंता जाहिर किया।

ऋषभदेव जिनालय एवं दादाबाड़ी की प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर नूतन ध्वजारोहण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के समीप स्थित ऋषभदेव जिनालय एवं दादाबाड़ी की प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर जिनालय एवं दादाबाड़ी के शिखर पर नूतन ध्वजा का आरोहण किया गया। श्रेष्ठीवर्य कालूराम अमरचंद बोथरा परिवार द्वारा 90 वर्ष पूर्व जिनालय की प्रतिष्ठा करवा कर श्रीसंघ को समर्पित किया गया था। इस अवसर पर अष्टांहिका महोत्सव के अंतर्गत सप्ताह भर भगवान के पंच कल्याणक की पूजा पढ़ाई गई। आज वैशाख सुदी दशमी को नूतन ध्वजारोहण हेतु सतरह बेदी पूजन का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें अंचल के प्रख्यात विधिकारक विमल गोलछा एंड पार्टी रायपुर, स्थानीय नवोदित मनोहर जिन शासन सेवा ग्रुप एवं उभरते कलाकार सम्यक बंगानी ने अपनी कर्ण प्रिय प्रस्तुति से पूजन का ठाठ बढ़ाया। विधान के चलते ध्वजारोहण के पूर्व नूतन ध्वजा को लेकर बोथरा परिवार की श्राविकाऐं एवं समस्त संघ सदस्यों ने जय जय कारों के साथ मंदिर की फेरी लगाई एवं ओम पुण्याहं पुण्याहं की शंखनाद ध्वनि के साथ संघ के युवाओं हेमंत, प्रफुल्ल, राजकुमार बोथरा ने सहयोगियों के साथ ध्वजारोहण किया। उपस्थित सभी लोगों ने नृत्य करते हुए जय जय कारा लगाते हुए परस्पर एक दूसरे को बधाईयां दी। ध्वजारोहण के पश्चात, आरती, चैत्य वंदन एवं शांति कलश विधान हुए। इस वर्ष संपूर्ण आयोजन का लाभ ऋषभचंद, शेखर कुमार, सुनील, सुभाष, संजय बोथरा परिवार ने लिया। स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था लाभार्थी परिवार द्वारा मानतारा बोथरा भवन में रखी गई। ध्वजारोहण महोत्सव में संघ प्रमुख शिखर बाफना, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार बोथरा, वरिष्ठ सदस्य प्रकाश, अशोक, विजय, राजेन्द्र, रमेश बोथरा के साथ बोथरा परिवार के परिजन स्वजन, मोती लाल दुग्गड, लालचंद बंगानी, लक्ष्मी कांकरिया, विजय बाफना, अशोक गोलछा, शांति झाबक, रमेश पहाड़िया, अशोक गंगवाल, अभय चौधरी, गोपाल अग्रवाल के साथ काफी संख्या में संघ के श्रावक श्राविकाओं ने अपनी उपस्थिती प्रदान कर शासन की शोभा बढाई।

एक सकोरा, कई जीवन: भाटापारा में एबीवीपी का प्रेरणादायी अभियान

भाटापारा / नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा इकाई द्वारा गजानन अग्रवाल महाविद्यालय परिसर में ÷सकोरा अभियान÷ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण ग्रीष्म ऋतु में बेजुबान जीव-जंतुओं एवं पक्षियों के संरक्षण हेतु जनजागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर विशेष अतिथि अरुण छाबड़ा एवं मुख्य अतिथि ए.आर.सी. जेम्स महाविद्यालय प्रचार्य और महाविद्याल के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे ।सभी ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायी पहल बताया। विद्यार्थी परिषद की नगर मंत्री लक्ष्मी मानिकपुरी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रही है। ÷सकोरा अभियान÷ के माध्यम से हम समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि मानवता केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कार्यों में दिखनी चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू ने सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के बूथ क्रमांक 203 में मन की बात के प्रभारी ललित माणेक के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना। श्रीमति साहू ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश में हो रही जनगणना में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही देश - विदेश में विभिन्न नवाचारों को देशवासियों से साझा किया। यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को सुनना सदैव ही प्रेरणादायी होता है। उनके ओजस्वी विचारों से मन में जनसेवा का भाव और प्रगाढ़ होता है। मोदी सरकार में भारत में विगत 11 वर्षों से लगभग हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। चाहे वह तमिलनाडु में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की क्रिटिकलिटी हासिल करना हो या दुनिया में सबसे बड़ी जनगणना को डिजिटल माध्यम से क्रियान्वयन हो। ऐसे कई अभूतपूर्व कदम ÷विकसित भारत निर्माण की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री जी के प्रेरक संबोधन ने सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्रहित में छोटे-छोटे प्रयासों की महत्ता को स्पष्ट किया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विचार सदैव हमें राष्ट्र सेवा और अंत्योदय के संकल्प की सिद्धि के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

युवा फेस्ट-2026 में दिखी प्रतिभा की चमक, विधायक ने किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन

■ युवा शक्ति का उत्सव: धमतरी में युवा फेस्ट-2026 ने दी प्रतिभाओं को नई पहचान : चंद्राकर

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के बीसीएस पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित दो दिवसीय ÷युवा फेस्ट-2026÷ के दूसरे दिन आज उत्साह, रचनात्मकता और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर ने शिरकत की और विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। श्री चंद्राकर ने स्टार्टअप, एजुकेशन एवं स्किल डेवलपमेंट से जुड़ी कार्यशालाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए इतिहास, आर्ट, छत्तीसगढ़ी पहनावा एवं पारंपरिक श्रृंगार से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए, प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

कलेक्टरअबिनाश मिश्रा ने विधायक को प्रथम दिवस की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष युवा फेस्ट में लगभग 30 विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं एवं प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए आकर्षक पोस्टर, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप धमतरी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर

कलेक्टर ने यह भी बताया कि पहले दिन छात्र-छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महाविद्यालय परिसर रंग-बिरंगी गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और युवा ऊर्जा से सराबोर रहा। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में एआई वर्कशॉप, वीडियो एडिटिंग वर्कशॉप, कैनवा वर्कशॉप तथा लोक कलाकार आरू साहू की प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। इसके अलावा खुले मंच की व्यवस्था ने प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान किया।

युवा फेस्ट नई दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम

इस अवसर पर विधायक श्री अजय चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि युवा फेस्ट जैसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें नई दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। आज का युवा केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार, तकनीक और रचनात्मकता के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। ऐसे आयोजन उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करते हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने कौशल को निरंतर निखारते रहें।

और राज्य तथा देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की । कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रशासन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की गई। युवा फेस्ट-2026 ने जिले में प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ सकारात्मक और प्रेरणादायी माहौल का निर्माण किया है।

ग्रामीणों को दिलाई गई जल बचाने की शपथ

कलेक्टर ने जल संरक्षण महाअभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों का किया दौरा

■ सोख्ता गड्ढों से लेकर तालाब-डबरी तक कार्यों का लिया जायजा

■ पीएम आवास समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जल संचयन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय महाभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर सोख्ता गड्ढा (सोक पीट) निर्माण, जल स्त्रोतों के आसपास सफाई, डबरी निर्माण, तालाब मरम्मत, चेक डेम एवं कूप निर्माण सहित मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मैनपुर विकासखण्ड के छिंदौला, छुरा विकासखण्ड के ग्राम लोहरसी, कुण्डेल एवं सरकड़ा तथा गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम कोदोबतर में चल रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ ली।

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि सोख्ता गड्ढा, डबरी, तालाब और चेक डेम जैसे संरचनाएं न केवल वर्षा जल के संचयन में सहायक हैं, बल्कि भू-जल स्तर को बनाए रखने और सूखे की स्थिति से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। ताकि भविष्य के लिए जल संसाधनों का बेहतर संरक्षण किया जा सके।

इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने ग्रामीणों से बातचीत कर सोख्ता गड्ढों के महत्व, उपयोग और जल संरक्षण में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन संरचनाओं के निर्माण से अपशिष्ट जल निकासी में सुधार होगा, गांवों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी और भू-जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि वे अपने घरों की बाड़ियों में सब्जी उत्पादन करें, जिससे पोषण स्तर में सुधार के साथ अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो सके। उन्होंने जल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पानी का सदुपयोग करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि घरेलू उपयोग के बाद बचा पानी का बाड़ियों में सब्जी उत्पादन के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

कलेक्टर श्री उइके ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गॉवों में बन रहे निर्माणाधीन मकानों का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि पीएम आवास निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें।

पुलिस परिवार के बच्चों का हवाई अड्डा भ्रमण, रोमांच के साथ मिली नई सीख

■ स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे का एक दिवसीय शैक्षणिक दौरा

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 28 बच्चों को आज रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास और आधुनिक परिवहन प्रणाली की व्यावहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और रोमांचक दोनों साबित हुआ।

क्षेत्रीय निदेशक (नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो) से समन्वय एवं अनुमति के बाद आयोजित इस भ्रमण में बच्चों ने एयरपोर्ट की कार्यप्रणाली, सुरक्षा जांच प्रक्रिया और विमानन सेवाओं को नजदीक से देखा और समझा। स्कूली गणवेश और आईडी कार्ड पहने बच्चों के चेहरे पर हवाई जहाजों को करीब से देखने का उत्साह साफझलक रहा था।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मानसिक क्षितिज का विस्तार करना और उन्हें नई जानकारियों से जोड़ना है। पुलिस परिवार के ये बच्चे, जो अक्सर अपने अभिभावकों की व्यस्त ड्यूटी के कारण ऐसे अनुभवों से वंचित रह जाते हैं, इस अवसर को पाकर बेहद उत्साहित नजर आए।

भ्रमण के दौरान विभाग द्वारा बच्चों के लिए सुरक्षित परिवहन और सुव्यवस्थित आवागमन की व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों को आधुनिक परिवहन तंत्र, विमानन क्षेत्र और उसमें करियर की संभावनाओं के प्रति जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम भी बना।

मंत्रीमंडल का हुआ विस्तार अब सामाजिक कार्यों को मिलेगी रफ्तार

■ अब सामाजिक कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार

भाटापारा / नवप्रदेश। ग्राम मिरगी में टोनाटार चक के मंत्रीमंडल का विस्तार उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। बैठक की शुरुआत आदिशक्ति बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिससे पूरे आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। 17 गांवों से आए डीहवारो और रायपंचो की उपस्थिति में विस्तार किया गया,जिसमें दीवान विनोद ध्रुव (टोपा), महामंत्री अमर सिंह ध्रुव (खैरी), सचिव प्यारेलाल ध्रुव (टोनाटार), संरक्षक डोमार कुंजाम (खैरताल), सलाहकार विष्णु प्रसाद (देवरानी) एवं प्रचार मंत्री भोजुराम ध्रुव (परसाडीह) को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मीडिया प्रभारी के रूप में रूपेश नागवंशी (टोपा) को नियुक्त किया गया, जबकि पंच बुढ़ादेव के अंतर्गत विजय कुमार ध्रुव, महेन्द्र कुमार ध्रुव (टोपा) एवं बुद्धेश कुमार ध्रुव (टोनाटार) को भी दायित्व दिया गया। पिछले तीन माह से रुके सामाजिक निराकरण कार्यों को पुनः प्रारंभ करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। अब टोनाटार चक से जुड़े 17 गांवों में सामाजिक समस्याओं, विवाह, छट्टी एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों को गति मिलेगी, जिससे समाज में व्यवस्था और समरसता मजबूत होगी।

महिला आरक्षण लागू करने में देरी पर कांग्रेस का विरोध, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

महासमुंद/ नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला स्तर पर आयोजित प्रेस वार्ता में महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों का तीखा विरोध किया गया। इस दौरान बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे और खल्लारी विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने संयुक्त रूप से भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता का मुख्य मुद्दा महिला आरक्षण कानून के लागू होने में हो रही देरी रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री सहित भाजपा के शीर्ष नेता महिला आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त कर चुका है और यह अब कानून बन चुका है।

विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देने में जानबूझकर देरी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि सरकार की मंशा स्पष्ट होती तो महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जा सकता था, लेकिन इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़कर टाला जा रहा है। वहीं विधायक द्वारकाधीश यादव ने सवाल उठाया कि जब कानून बन चुका है, तो इसे लागू करने में देरी क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाकर लाभ लेने की कोशिश कर रही है।

लो वोल्टेज की समस्याओं से नहीं मिल रही निजात

छुरा/ नवप्रदेश। आदिवासी विकास खण्ड छुरा के ग्राम मडेली में 9 मई 25 को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छुरा अंचल में अब बिजली कटौती लो वोल्टेज की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा 132 के व्ही सब स्टेशन के लिए पच्छत्तर करोड़ रुपए की स्वीकृति दे रहा हूं, आज एक वर्ष होने जा रहा है छत्तीसगढ़ शासन के बजट में कहीं नजर नहीं आया। आज दो साल से महतारी वंदन योजना में हजारों की संख्या में छुटे हुए माताओं को जोड़ने के लिए पोर्टल खोला नहीं गया है । पांच महीने से निराश्रितों, वृध्दा पेंशन योजना की राशि बेसहारों को नहीं मिल रहा है। चांवल उत्सवों में तीन महीने का चांवल वितरण की बात करना आदिवासी क्षेत्र की जनता को छला जा रहा है।

सोंढुर नहर विस्तार योजना पर कलेक्टर सभाकक्ष में अहम बैठक

■ 173 करोड़ की परियोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

नगरी / नवप्रदेश। क्षेत्र के किसानों के लिए बहुप्रतीक्षित सोंढुर नहर विस्तार योजना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। नगरी से दुगली गट्टासिल्ली तक प्रस्तावित लगभग 17 किलोमीटर लंबी नहर निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 173 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद परियोजना को लेकर गंभीर पहल शुरू हो गई है।इसी क्रम में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कलेक्टर सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का

आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई।बैठक में परियोजना की स्वीकृति, कार्य की रूपरेखा (प्रोजेक्ट प्लान), निर्माण की समयसीमा, तकनीकी पहलुओं तथा किसानों को होने वाले लाभों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस नहर विस्तार योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने योजना के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने की मांग रखी।

34 करोड़ की फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा

नगरी नगर बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच फोरलेन सड़क की मांग तेज

नगरी / नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए अब फोरलेन सड़क की मांग ने जोर पकड़ लिया है। बजरंग चौक से लेकर पुराने पेट्रोल पंप होते हुए हरदीभाठा चौक तक का मार्ग वर्तमान में अत्यधिक व्यस्त और संकुचित हो चुका है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

नागरवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग नगरी द्वारा लगभग 34 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन को भेजा गया है। इस प्रस्ताव को वर्ष 2026 के मूल बजट में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा शामिल किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब नगरवासियों की निगाहें इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति पर टिकी हुई हैं। यह मार्ग नगरी का सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाका माना जाता है। इसी सड़क पर ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एचडीएफसी बैंक तहसील कार्यालय, शासकीय अस्पताल, जनपद कार्यालय, शिक्षा विभाग का दफ्तर और रावणभाठा धरना स्थल स्थित हैं। इन संस्थानों के कारण प्रतिदिन यहां भारी भीड़ रहती है, विशेषकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की संख्या अधिक रहती है।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब नगर में कोई बारात, रैली या बड़ा आयोजन होता है। हाल ही में एक ट्रक द्वारा गलत दिशा में वाहन मोड़ने के कारण बजरंग चौक पर करीब सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग और लगातार बढ़ती वाहनों की संख्या दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ा रही है। ऐसे में फोरलेन सड़क निर्माण को नगर के विकास और सुगम यातायात के लिए बेहद आवश्यक माना जा रहा है।

राज्य स्तरीय कूडो चैम्पियनशिप में केसीजी जिले का शानदार प्रदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद सभागृह, उतई रोड, दुर्ग में आयोजित चतुर्थ छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कूडो मार्शल आर्ट्स चैम्पियनशिप कप 2026-27 में केसीजी जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। केसीजी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 6 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल तथा 1 खिलाड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने एनटीपीसी सीपत के 7.19 करोड़ के सीएसआर कार्यों का किया लोकार्पण

सीपत/नवप्रदेश। जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने एनटीपीसी सीपत द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत लगभग 7.19 करोड़ रुपये की लागत से विकसित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण किया।

इस पहल के तहत एनटीपीसी की सीपत इकाई द्वारा बिलासपुर के दो प्रमुख संस्थानों कुमार साहब स्व श्री दिलीप सिंह जूदेव सुपरस्पेशलिटी एवं सिम्स अस्पताल को अत्याधुनिक उपकरणों एवं सुदृढ़ अधोसंरचना की सौगात प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान लगभग 4.27 करोड़ रुपये की लागत से सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में स्थापित अत्याधुनिक रक्त कोष (ब्लड बैंक), सूक्ष्मजीव विज्ञान प्रयोगशाला, हार्मोन परीक्षण प्रयोगशाला तथा एआई पॉवर्ड माइक्रोस्कोपी का उद्घाटन किया गया। यह रक्त केंद्र छत्तीसगढ़ का अपनी तरह का पहला आधुनिक ब्लड बैंक है, जिसमें विश्वस्तरीय मशीनें स्थापित की गई हैं। इससे जांच और उपचार सेवाएं अधिक सटीक, त्वरित एवं पारदर्शी होंगी।

वहीं, सिम्स में लगभग 2.92 करोड़ की सीएसआर राशि से क्रय की गई मशीनों का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सीपत और सिम्स के मध्य मशीनों के हस्तांतरण से संबंधित दस्तावेजों का औपचारिक आदान-प्रदान भी हुआ। इस सहायता से सिम्स के लगभग 8 विभागों के लिए 26 आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें उच्च स्तरीय रंगीन डॉप्लर, स्वचालित केमिल्यूमिनेसेंस प्रणाली, उच्च दक्षता तरल क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) मशीन शामिल है।

जटिल बीमारियों का इलाज संभवः डॉ. मूर्ति

सिम्स के डीन रमणेश मूर्ति ने कहा कि एनटीपीसी सीपत के सहयोग से अस्पताल में आधुनिक मशीनों की उपलब्धता बढ़ी है, जिससे जटिल बीमारियों का इलाज अब स्थानीय स्तर पर ही संभव होगा और मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी।

मंत्री तोखन ने की एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने एनटीपीसी सीपत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किया गया यह सहयोग छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक ब्लड बैंक और आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं से मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलेगा तथा यह पहल जनसेवा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति देगी। उन्होंने स्व दिलीप कुमार जूदेव को भी याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा से समाज के लिए काम किया,लोगों की सेवा की। इस अवसर पर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ब्लड बैंक पूर्णतः कंप्यूटरीकृत एवं ऑनलाइन प्रणाली से संचालित होगा, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों सुनिश्चित होंगी। यहां एकल दाता प्लेटलेट (एसडीपी) की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे कैंसर, डेंगू जैसे गंभीर रोगों के मरीजों को एक ही दाता से प्लेटलेट्स उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि एफेरेसिस मशीन, उन्नत सूक्ष्मजीव विज्ञान उपकरणों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से ब्लड कैंसर जैसी जटिल बीमारियों की त्वरित और सटीक जांच संभव होगी। यह सुविधा देश के चुनिंदा संस्थानों में ही उपलब्ध है।

न्यूज गैलरी

जीजीयू में राजपूतों को मुसलमान कहने पर मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में लॉ स्टूडेंट्स के बीच मारपीट हुई है। एक स्टूडेंट ने राजपूतों को मुस्लिम कहा और भगवान राम पर आपत्तिजनक कमेंट किया। अन्य स्टूडेंट्स ने विरोध किया तो जानलेवा हमला कर दिया। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है। पूरा विवाद प्रियांशु सिंह, कौस्तुभ मणि पांडेय, अंशुमान सिंह और तूफान चंद्रनायक के बीच हुआ है। आरोप है कि दोनों ओर से इंस्टाग्राम पर भगवान श्रीराम, परशुराम और डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस मामले में 4 छात्रों को हॉस्टल से बाहर कर दिया गया है। साथ ही यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने कोनी थाने में एफआईआर भी कराई है। यूनिवर्सिटी के केंद्रीय सुरक्षा अनुभाग ने थाने में शिकायत दी है, जिसके मुताबिक लॉ डिपार्टमेंट के कुछ छात्रों ने इंस्टाग्राम पर भगवान राम, डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य महापुरुषों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, उन्हें अपशब्द कहें। इससे कैंपस में कुछ अन्य स्टूडेंट्स की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार 24 अप्रैल की रात विवादित चैट्स वायरल हुआ। इस पर आक्रोशित छात्र स्वामी विवेकानंद हॉस्टल के सामने एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट की स्थिति बन गई। घटना के दौरान यूनिवर्सिटी के सुरक्षा कर्मी और अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हालात बिगड़ चुके थे। स्टूडेंट्स के बीच मारपीट हो गई। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ छात्र मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

जिले में आज हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व झारखंड के ऊपर 0.9 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। तीसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश के मध्य भाग में 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ हो चुका है। प्रदेश में कल 27 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है, किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

उप मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर में 'गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स' सत्र की अध्यक्षता की

पारदर्शिता व मजबूत खेल व्यवस्था से ही ओलंपिक में सफलता संभवः साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा श्रीनगर में आयोजित खेल चिंतन शिविर के दूसरे दिन आज उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने 'गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स' पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ की खेल योजनाओं एवं भविष्य की रणनीतियों पर बेस्ट प्रेक्टिसेस पर आधारित वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया।

श्री साव ने विभिन्न राज्यों से आए खेल मंत्रियों एवं अधिकारियों के समक्ष छत्तीसगढ़ में खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए लागू बेस्ट गवर्नेंस प्रेक्टिसेस को विस्तार से साझा किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों से सुझाव भी प्राप्त किए। चिंतन शिविर में शामिल अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की भावी योजनाओं की सराहना करते हुए इसे एक प्रभावी मॉडल बताया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर के दौरान दो दिनों तक विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से संवाद कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए छत्तीसगढ़ में बेहतर खेल अवसंरचना, प्रतिभा संवर्धन एवं खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने पर जोर दिया।

अवसर से ही भारत वैश्विक खेल शक्ति बनेगा

श्री साव ने कहा कि प्रतिभा, पारदर्शिता और अवसर से ही भारत वैश्विक खेल शक्ति बनेगा। मजबूत खेल व्यवस्था और प्रोत्साहन से ही देश को ओलंपिक खेलों में बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह चिंतन शिविर छत्तीसगढ़ और पूरे देश में खेलों के समग्र विकास, सुदृढ़ खेल व्यवस्था के निर्माण तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चिंतन शिविर के दूसरे दिन भी आज अलग-अलग सत्रों में खेल प्रशासन, नीतिगत सुधार एवं युवा मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान राज्यों में खेल सामग्रियों के निर्माण, सरकारी योजनाओं तथा स्पोर्ट्स स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।

चयन में पारदर्शिता व निष्पक्षता पर जोर

आज एक महत्वपूर्ण सत्र में सलेक्शन पॉलिसी और एज फ्रॉड पर भी विशेष चर्चा हुई। इसमें खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं स्पष्ट मापदंड सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही उम्र में गड़बड़ी की रोकथाम के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया एवं तकनीकी उपाय अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, ताकि खेलों में ईमानदारी एवं विश्वसनीयता बनी रहे। आज का अंतिम सत्र 'माई भारत' की योजनाओं और इसकी कार्ययोजना पर केंद्रित रहा। इसमें खेलों के साथ-साथ युवा मामलों को भी समान महत्व देते हुए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक इनका लाभ पहुंच सके। चिंतन शिविर के समापन के दौरान केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की कि जल्दी ही केवल युवा मामलों पर केंद्रित एक विशेष चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय चिंतन शिविर में देश के दिग्गज खिलाड़ी ओलंपियन अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग सहित खेल प्रशासक और नीति निर्माता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

रोटरी क्लब ने हाईटेक बस स्टैंड में शिशु देखरेख कक्ष का किया निर्माण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर के द्वारा हाईटेक बस स्टैंड बिलासपुर में नई माताओं को स्तनपान/ फीडिंग के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए शिशु देखरेख कक्ष का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन मेयर पूजा विधानी एवं प्रकाश कुमार सर्वे, कमिश्नर, नगर निगम के द्वारा किया गया । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मेयर पूजा विधानी ने रोटरी के द्वारा किए गए इस अनुकरणीय कार्य की भूरि भूरी प्रशंसा की। कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने रोटरी के समाज सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए इस प्रोजेक्ट की सोच के लिए क्लब की प्रशंसा की। इसी अवसर पर रोटरी क्लब इफ बिलासपुर की अध्यक्ष शैलजा शुक्ला ने अपने कार्यकाल में किए गए विभिन्न समाज सेवा के कार्यों की जानकारी दी एवं भविष्य में भी निरंतर समाज सेवा का आश्वासन दिया। वर्तमान में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए क्लब के द्वारा ओआरएस घोल के वितरण की शुरुआत भी हाय टेक बस स्टैंड में मेयर के हाथों से किया। क्लब की सचिव कृतिका मोदी ने जानकारी दी कि क्लब के द्वारा ओआरएस घोल के वितरण का कार्यक्रम आगामी एक महीने तक शहर के विभिन्न स्थानों में लगातार चलाया जाएगा। इस कक्ष के निर्माण का उद्देश्य माताओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है जिसमे वे बेजिझक स्तनपान करवा सकें, इसके साथ ही स्तनपान एवं पोषण से जुड़ी जानकारी के पोस्टर भी इस कमरे में लगाएं गए हैं। सेवा के इस अनुकरणीय कार्य में शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति पवन अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष शैलजा शुक्ला, सचिव कृतिका मोदी, प्रोग्राम चेयर आशीष अग्रवाल, राकेश सक्सेना एजी वंदना सिंह उपस्थित थे। इनके साथ ही क्लब के अन्य सदस्यगण डॉ. आर ए शर्मा, एस पी चतुर्वेदी, रमेश जोबनपुत्रा, डॉ. अजय पंड्या, हमीदा सिद्दीकी, रोहित शिवहरे, तपन नस्कर, किरन सिंह, अमित चक्रवर्ती, राजीव भारद्वाज, अनुज शाह, मोहम्मद वनक, उत्सव माहिस्वर, उदय रेलवानी तथा रोटरी क्वींस की अध्यक्षा सीमा ठाकुर भी उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त आरक्षक के खिलाफ रिकवरी आदेश निरस्त

राशि तत्काल याचिकाकर्ता को वापस करने निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। दूसरी बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल से सेवानिवृत्त हुए आरक्षक के खिलाफ जारी रिकवरी आदेश को निरस्त करते हुए हाईकोर्ट ने वसूल की गई राशि याचिकाकर्ता को वापस भुगतान करने का निर्देश दिया है नारायणी होम्स, सकरी, बिलासपुर निवासी रतन बहादुर दूसरी बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, सकरी में आरक्षक (कॉस्टेबल) ट्रेड के पद पर पदस्थ थे 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया गया। सेवानिवृत्ति के डेढ़ माह पश्चात् संभागीय संयुक्त संचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर द्वारा रतन बहादुर को उनकी सेवाकाल के दौरान गलत तरीकें से वेतनवृद्धि जोड़कर अधिक वेतन भुगतान किये जाने का हवाला देकर उनके विरूद्ध वसूली का आदेश जारी कर दिया गया। उक्त वसूली आदेश से क्षुब्ध होकर बहादुर ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं ऋषभदेव

साहू के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर वसूली आदेश को चुनौती दी गई। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टेट ऑफ पंजाब विरूद्ध रफीक मसीह (2015), थॉमस डेनियल विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला (2022), जोगेश्वर साहू विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया (2025) एवं भगवान शुक्ला विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया के वाद में यह न्याय निर्णय दिया गया है कि, किसी भी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी के रिटायरमेन्ट के 1 (एक) वर्ष पूर्व या रिटायमेन्ट के पश्चात् उस शासकीय अधिकारी/कर्मचारी को पूर्व के सेवाकाल के दौरान गलत तरीके से वेतनवृद्धि जुड़ जाने के कारण उस शासकीय अधिकारी / कर्मचारी को हुये अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर उसके सेवानिवृत्ति देयक से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है। इसके साथ ही किसी भी तृतीय श्रेणी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी से वसूली नहीं की जा सकती है। चूंकि याचिकाकर्ता कॉस्टेबल (ट्रेड) के पद पर पदस्थ था जो कि तृतीय श्रेणी का पद हैइसके साथ ही याचिकाकर्ता के विरूद्ध सेवानिवृत्त होने के डेढ़ माह पश्चात् वसूली आदेश जारी किया गया, जो कि पूर्णतः नियम विरूद्ध है एवं सुप्रीमकोर्ट द्वारा उपर्युक्त वर्णित न्यायदृष्टांतों का घोर उल्लंघन है हाईकोर्ट ने उपर्युक्त वर्णित न्याय दृष्टांतों के आधार पर याचिकाकर्ता के विरूद्ध जारी वसूली आदेश को निरस्त कर सेनानी, दूसरी बटालियन, सकरी को यह आदेशित किया कि वे याचिकाकर्ता से वसूल की गई राशि तत्काल याचिकाकर्ता को वापस भुगतान करें।

भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात की 133वीं कड़ी

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम की 133वीं संस्करण को भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय बिलासपुर में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से देखा और सुना।

आज 26 अप्रैल रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं संस्करण को उत्साहपूर्वक सुना गया। यह कार्यक्रम देशभर में प्रसारित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को सुनने लिए पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए विषय समाज में जागरूकता लाने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के विचारों पर चर्चा की और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला कोशाध्यक्ष गुलशन ऋशि, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, किशोर राय उपस्थित थे।

ठकुरदेवा के ग्रामीणों ने दिखा उत्साह

ग्राम ठकुरदेवा, बूथ क्रमांक 267 में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं कड़ी को सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भाजपा (अनुसूचित जाति मोर्चा) चंद्रप्रकाश सूर्या, जिला प्रभारी 'मन की बात' प्र सुरेश कुमार खटकर, मल्हार मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष, लोकनाथ बंजारे, किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य पूरन सिंह ठाकुर, पिछड़ा वर्ग महामंत्री सुरेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती यादव, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अरुणा साहू, ज्योति जायसवाल, शकुन साहू, अशोक सोनी, युवा मोर्चा महामंत्री राजेश यादव, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रंजीत सोनी, कार्यसमिति सदस्य परमेश्वरी यादव, रुखमणी साहू, रीना ध्रुव, मंडल कार्यकारिणी सदस्य श्याम घोष सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात चंद्रप्रकाश सूर्या एवं सुरेश कुमार खटकर ने 'मन की बात' के उद्देश्य एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का आभार महिला मोर्चा महामंत्री अरुणा साहू व्यक्त किया।

धरोहरः इतिहास की अनमोल धरोहर उजागर, ज्ञान भारतम अभियान के तहत जिले में मिल रही कई ऐतिहासिक पांडुलिपि और धरोहरें

मल्हार में 2 हजार वर्ष पुराना ताम्रपत्र मिला

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज्ञान भारतम अभियान के तहत ऐतिहासिक नगर मल्हार में एक महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। यहाँ रहने वाले संजीव पाण्डेय के निवास पर 3 किलोग्राम से अधिक वजन का एक दुर्लभ ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है, जिस पर लगभग 2000 वर्ष पुरानी ब्राह्मी लिपि तथा पाली भाषा में लेख उत्कीर्ण हैं। यह ताम्रपत्र ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ब्राह्मी लिपि भारत की प्राचीनतम लिपियों में से एक है, जिसका उपयोग मौर्य काल से प्रारंभ होकर कई शताब्दियों तक होता रहा। वहीं पाली भाषा का संबंध मुख्यतः बौद्ध धर्म के साहित्य और शिक्षाओं से जुड़ा रहा है, जिससे इस खोज का धार्मिक महत्व भी बढ़ जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्राचीन समय में ऐसे ताम्रपत्रों का उपयोग भूमि दान, राजकीय आदेश या धार्मिक घोषणाओं के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में किया जाता था। इस ताम्रपत्र का वैज्ञानिक परीक्षण एवं विस्तृत अध्ययन किए जाने पर उस काल की सामाजिक संरचना, प्रशासनिक व्यवस्था और धार्मिक परंपराओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। ज्ञान भारतम अभियान के तहत यह खोज न केवल मल्हार क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को उजागर करती है, बल्कि शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् अभियान के तहत देश की प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह पहल गांव-गांव तक पहुंच रही है, जहां ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को अपनी पुरानी पांडुलिपियों को सुरक्षित रखने और उन्हें सामने लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा और दर्शन से जुड़े अमूल्य दस्तावेजों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण करना है। विशेषज्ञों द्वारा पांडुलिपियों की पहचान कर उनका डिजिटलीकरण किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। यह अभियान न केवल सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि देश की ऐतिहासिक और बौद्धिक संपदा को पुनर्जीवित करने का भी एक सशक्त प्रयास है।

रेलवे स्टेशन में यात्रियों को शरबत व ठंडा पेयजल वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं राहत के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 25 अप्रैल को बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 एवं 3 पर यात्रियों को गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु विशेष पहल की गई। वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों, वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा यात्रियों को शरबत एवं ठंडा पेयजल वितरित किया गया। इस दौरान यात्रियों ने इस पहल की विशेष सराहना की। यह सेवा कार्य वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रकार की मानवीय एवं जनसेवा आधारित पहल रेलवे की यात्री सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रेलवे प्रशासन द्वारा भविष्य में भी यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

सुविचार

इंसान घर बदलता है, दोस्त बदलता है, रिश्ते बदलता है फिर भी परेशान रहता है क्योंकि वह खुद को नहीं बदलता

अब घर के भेदी लंका ढाएंगे

बंगाल विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली में बड़ा खेला हो गया। आम आदमी पार्टी के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसदों ने पाला बदल लिया। इस तरह दो तिहाई से भी ज्यादा सांसदों के भाजपा में शामिल होने से उनकी संसदीय बरकरार रहगी। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चढ्डा को हाल ही में राज्यसभा के उपनेता पद से हटाया गया था और उसी समय से यह कयास लगाये जा रहे थे कि राघव चढ्ढा आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम सकते हैं किन्तु किसी ने भी यह अनुमान नहीं लगाया था कि वे अपने साथ और आधा दर्जन राज्यसभा सांसदों को भाजपा में ले जाएंगे और आम आदमी पार्टी में बगावत का बिगुल फूंक देंगे। यहां तक की खुद को सर्वज्ञानी समझने वाले आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल को भी इस बात की भनक नहीं लग पाई की उनके सात सांसद झाड़ू फेंक कर कमल थामने जा रहे हैं। निश्चित रूप से पंजाब विधानसभा चुनाव के छह माह पहले आम आदमी पार्टी में हुई यह बगावत पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। इसका असर निश्चित रूप से पंजाब विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा। गौरतलब है कि जिन 7 सांसदों ने भाजपा का दामन थामा है। उनमें से छह सांसद राघव चढ्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, राजेन्द्र गुप्ता, विक्रम साहनी और हरभजन सिंह पंजाब से ही राज्यसभा के लिए चुने गये थे। सिर्फ स्वाति मालीवाल भी दिल्ली से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई थी। हालांकि इन सातों सांसदों में से अधिकांश की कोई जमीनी पकड़ नहीं है लेकिन राघव चढ्ढा और संदीप पाठक का पार्टी छोड़ना आम आदमी पार्टी के लिए घातक सिद्ध होगा। ये दोनों ही नेता नई दिल्ली और पंजाब में पार्टी संगठन को खड़ा करने में और विधानसभा चुनाव जिताने में अग्रणि भूमिका निभा चुके हैं। यही नहीं बल्कि संदीप पाठक तो एक तरह से पूरी पार्टी ही चलाते रहे हैं। वहीं राघव चढ्ढा कभी अरविंद केजरीवाल के दाहिंने हाथ भी रह चुके हैं। ये दोनों ऐसे नेता जिनकी कभी आम आदमी पार्टी में तूती बोला करती थी। पार्टी संगठन के बारे में ये दोनों अरविंद केजरीवाल से भी ज्यादा जानकारी रखते थे। इसलिए इनका पार्टी छोड़ना ऊपर से भाजपा में शामिल होना आम आदमी पार्टी को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। ये घर के भेदी लंका ढा सकते हैं। अब वे ऐसा करेंगे या नहीं करेंगे इस बारे में फिल्हाल कुछ कहा नहीं जा सकता लेकिन यदि आम आदमी पार्टी के संजय सिंह जैसे नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान तथा मनीष सिसोदिया इन बाकी सांसदों को गद्दार बताते रहेंगे तो कोई बड़ी बात नहीं की ये भी गुस्से में आकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ मुहिम छेड़ दें तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। खासतौर पर संदीप पाठक जो आम आदमी पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार रहे हैं वे आम आदमी पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। यही वजह है कि इनकी बगावत से बौखला कर आम आदी पार्टी के नेता इनके खिलाफ जमकर भड़ास निकाल रहे हैं और इसके लिए भाजपा को भी निशाने पर ले रहे हैं। खासतौर पर पंजाब में तो भगवंत सिंह मान को तो भारी झटका लगा है क्योंकि वहां आम आदमी पार्टी के कई विधायकों के भी पाला बदलने की संभावना बलवित हो गई है। यही वजह है कि भगवंत सिंह मान ने इन सांसदों की बगावत को पंजाब का अपमान बताया है और कहा है कि पंजाब के लोग इन गद्दारों को कभी नहीं भुलेंगे। उन्होंने तो भाजपा को यह भी चैलेंज दिया है कि अगर उसमें दम है तो वह उनके खिलाफ ईडी या सीबीआई की कार्यवाही करके बताये और उन्हें खरीद कर दिखाये दुनिया में ऐसी कोई करेंसी नहीं बनी है जो उन्हें खरीद सके। समझ में नहीं आता कि भगवंत सिंह मान भाजपा को चैलेंज दे रहे हैं या ऑफर दे रहे हैं। जहां तक इन सांसदों की बगावत से भाजपा को पंजाब विधानसभा चुनाव में फायदा मिलने की बात है तो इसकी दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है क्योंकि पंजाब में भाजपा का जनाधार बहुत कमजोर है और इन सांसदों में भले ही छह सांसद पंजाब से चुने गये हों लेकिन इनमें से अधिकांश की पंजाब में कोई खास पकड़ नहीं है। अलबत्ता इससे कांग्रेस को फायदा मिल सकता है। इस बार भी पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला होना है। ऐसे में यह कांग्रेस पर निर्भर है कि वह इस स्थिति का कितना लाभ उठा सकती है। रही बात भाजपा की ते उसे गुजरात के नगरीय निकाय चुनाव में इस बदले हुए घटनाक्रम का फायदा मिल सकता है। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि आम आदमी पार्टी में हुई बगावत की आंधी और कितना फैलती है।

पुस्तक चर्चा : भारतीय विचार के मजबूत स्तंभ '11 महानायक'

भारत में महापुरुषों की एक लंबी श्रृंखला है। भारत के सुदीर्घ इतिहास के प्रत्येक कालखंड में हमें ऐसे नायक दिखाई देते हैं, जिन्होंने भारतीय समाज का मार्ग प्रशस्त किया। ऐसे में कुछ नायकों को चुनना और उनके व्यक्तित्व पर लिखना, अत्यंत कठिन कार्य है। अपने लेखन के दौरान प्रो. संजय द्विवेदी समय-समय पर भारत के नायकों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लिखते रहे हैं। उनमें से ही 11 नायकों का चयन करके उन्होंने एक पुस्तक तैयार की है, जिसका नाम है- '11 महानायक'।

प्रो. संजय द्विवेदी

'संस्मय प्रकाशन' से प्रकाशित पुस्तक '11 महानायक' भारतीय इतिहास और नवजागरण के उन देदीप्यमान नक्षत्रों की गाथा है, जिन्होंने अपने त्याग, संघर्ष और वैचारिक स्पष्टता से एक सशक्त भारत की नींव रखी। यह पुस्तक 'गागर में सागर' भरने का एक सफल प्रयास है, जो पाठकों को भारत के महान सपूतों के जीवन-दर्शन से सीधे जोड़ती है।

लेखक प्रो. संजय द्विवेदी ने अपनी इस कृति में छत्रपति शिवाजी महाराज के माध्यम से युवाओं को स्वराज्य और सांस्कृतिक गौरव की भावना से जोड़ने का प्रयास किया है। लेखक बताते हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने सैन्य प्रणाली में कई प्रयोग किए। महाराज ने लोकमंगल के साथ शासन किया। वहीं, आध्यात्मिक पुनर्जागरण के पुरोधा स्वामी विवेकानंद तो युवाओं के नायक हैं, उनके व्यक्तित्व के कई पहलुओं की ओर इस पुस्तक में संकेत किया गया है। स्वामी विवेकानंद ने सोते हुए राष्ट्र को जगाया और उसका परचम दुनिया में फहराया। स्वराज्य, राष्ट्रीय एकता-अखंडता एवं सामाजिक समरसता का भाव जगाने वाले राजनीतिक क्षेत्र के महापुरुषों- पं. मदन मोहन मालवीय, महात्मा गांधी, स्वातंर्त्यवीर सावरकर, डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों से भी यह पुस्तक हमें अवगत कराती है। भारत की राजनीति में भारतीयता के विचार को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी ने दिया है। स्वातंर्त्यवीर सावरकर के बारे में रोमांच जगाने वाले तथ्यों को शामिल किया गया है। जो लोग पूछते हैं कि वीर सावरकर को 'वीर' किसने कहा, उन्हें पता होना चाहिए कि सरदार भगत सिंह ने इस महान क्रांतिकारी के लिए 'मतवाला' में लेख लिखा था, जिसमें उन्होंने सावरकर को न केवल वीर कहा है अपितु पूजनीय भी कहा है। इस लेख में सरदार भगत सिंह ने स्वातंर्त्यवीर सावरकर पर छींटाकशी करने वाले संकीर्ण मानसिकता के लोगों को लताड़ा भी है।



- डॉ. लोकेन्द्र सिंह (समीक्षक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हैं।)

लेखक प्रो. द्विवेदी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन प्रसंगों को बहुत कुशलता से उकेरा है। नेताजी के जीवन से युवाओं को सीखना चाहिए कि अपने लक्ष्य के लिए किस प्रकार निरंतर प्रयास करने होते हैं। अपने संकल्पों को सिद्धि तक ले जाने की नेताजी की क्षमता अद्वितीय थी। इसके साथ ही पुस्तक में सामाजिक न्याय और एकात्मता के शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्रकारिता को रेखांकित किया गया है। बाबा साहेब पत्रकारिता के माध्यम से मूक समाज की आवाज को ताकत देकर हम सबके नायक बने। इसके साथ ही, यह पुस्तक महान साहित्यकार, क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित माखनलाल चतुर्वेदी जी की पत्रकारिता की धारा से भी परिचित कराती है। स्वतंत्रता के पहले और उसके बाद भी, भारतीय पत्रकारिता को मूल्यों के साथ जोड़ने के माखनलाल जी के प्रयास उल्लेखनीय हैं। पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ही पहले संपादक थे, जिन्होंने पत्रकारों को गढ़ने के लिए विद्यापीठ का विचार दिया। उनके उसी विचार को साकार करते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने 'माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय' की स्थापना की। माखनलाल जी ने 1927 में राजस्थान के भरतपुर में आयोजित संपादक सम्मेलन में कहा था कि हिन्दी समाचार पत्रों के कार्यालयों में योग्य व्यक्ति आएँ, इसके लिए एक विद्यापीठ की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि प्रो. संजय द्विवेदी एक जाने-माने संचारविद् हैं। वे भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली यानी आईआईएमसी के महानिदेशक रह चुके हैं। साथ ही वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्राध्यापक और जनसंचार विभाग के अध्यक्ष हैं। उनकी यह पृष्ठभूमि इस पुस्तक की भाषा-शैली एवं विषय-वस्तु में स्पष्ट झलकती है। पुस्तक की भाषा प्रवाहपूर्ण और सहज है। ऐतिहासिक तथ्यों को बिना किसी बोझिलता के, सहजता के साथ प्रस्तुत किया गया है। वैचारिक विविधताओं एवं विविध कार्यक्षेत्रों के बावजूद, इन सभी महानायकों के भीतर जो एक 'राष्ट्र-प्रथम' का भाव था, उसे यह पुस्तक बहुत ही खूबसूरती से रेखांकित करती है।

आज के समय में, जब युवा पीढ़ी अपने इतिहास और आदर्शों से दूर होती जा रही है, यह पुस्तक एक सेतु का काम करती है। यह पाठकों को यह समझने में मदद करती है कि आधुनिक भारत का निर्माण कई महानायकों के सामूहिक तप का प्रतिफल है। यह पुस्तक युवा पीढ़ी के मन में अपने नायकों को जानने की जिज्ञासा पैदा करती है कि वे और अधिक पढ़ें, और दूसरे नायकों के बारे में पढ़ें। कुल मिलाकर, '11 महानायक' एक ऐसी पुस्तक है जिसे सब पढ़ सकते हैं। कम समय में भारतीय जनमानस को गढ़ने वाले प्रमुख नायकों के बारे में प्रामाणिक और प्रेरणादायी जानकारी यह पुस्तक देती है।

लू की हवा का प्रकोप, कैसे सांस लेंगे हम

संजीव ठाकुर

बेरहम तथा अप्राकृतिक प्रकृति के दोहन का परिणाम अब अपने चरम परिणामों के साथ हमारे सामने खड़ा है। आने वाले महीनों में मौसम वैज्ञानिकों ने जिस तीव्र गर्मी की आशंका जताई है, वह केवल मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि दशकों से जारी प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इंटरगवर्नमेंटल क्लाइमेटिक चेंज स्टडीज की नवीनतम रिपोर्टें स्पष्ट करती हैं कि वैश्विक तापमान औद्योगिक क्रांति के बाद लगभग 1.1 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है और यदि वर्तमान उत्सर्जन दर जारी रही तो 2030 के दशक में यह 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर जाएगा। वर्ल्ड मेटियोरोलिजकल ऑर्गेनाइजेशन ने हाल ही में चेतावनी दी है कि पिछले आठ वर्ष मानव इतिहास के सबसे गर्म वर्ष रहे हैं और दक्षिण एशिया विशेष रूप से चरम हीटवेव की चपेट में है। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ, परंतु विडंबना यह है कि स्वतंत्रता के बाद भी हमने उसी मॉडल को और तीव्र रूप में अपनाया, परिणामस्वरूप मनुष्य तो स्वतंत्र हुआ पर प्रकृति आज भी बंधनों में जकड़ी रही। यूनाइटेड नेशंस एनवायरमेंटल एजेंसी के अनुसार दुनिया हर वर्ष लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र खो रही है, और भारत भी इससे अछूता नहीं है, जहाँ शहरीकरण और औद्योगीकरण की तेज रफ्तार ने जंगलों, जलस्रोतों और जैव विविधता पर गंभीर दबाव डाला है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी, किंतु हमने विकास को उपभोग और विस्तार की अंधी दौड़ बना दिया, मशीनें जितनी विशाल होती गईं, मनुष्य उतना ही प्रकृति से दूर और बौना होता गया। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के आंकड़े बताते हैं कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से विश्व की लगभग 33 प्रतिशत भूमि की उर्वरता प्रभावित हुई है, भारत में भी कई क्षेत्रों में मिट्टी की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है और भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व के उन देशों में शामिल है जहाँ जल संकट तेजी से गहराता जा रहा है और 2030 तक देश की जल मांग उपलब्ध संसाधनों से दोगुनी हो सकती है। जब से हमने विकास के नाम पर उद्योगों की चिमनियाँ ऊँची कीं, मोबाइल क्रांति का बटन दबाया और डिजिटल संसार में प्रवेश किया, तब से प्रकृति की ध्वनियाँ धीमी पड़ती चली गईं, झरनों का कलकल स्वर, पक्षियों का कलरव और नदियों की जीवनदायिनी धारा जैसे विलुप्त होती जा रही है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार भारत के कई प्रमुख शहरों की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुँच चुकी है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुमान है कि वायु प्रदूषण के कारण हर वर्ष लाखों समयपूर्व मृत्यु हो रही हैं। अब प्रश्न यह है कि विकास के नाम पर हमें केवल डिजिटल इंडिया चाहिए या हरित भारत की भी आवश्यकता है, क्या बच्चों के हाथ में केवल इंटरनेट देकर हम भविष्य सुरक्षित कर लेंगे या उन्हें स्वच्छ हवा, जल और हरियाली भी देनी होगी। हरा-भरा हिंदुस्तान और डिजिटल इंडिया विरोधी नहीं बल्कि पूरक हो सकते हैं, बशर्ते हम संतुलन बनाना सीखें। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा संस्थान के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज़ी से बढ़ना ही जलवायु संकट से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय है और भारत ने सौर तथा पवन ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति भी की है, फिर भी यह प्रयास पर्याप्त नहीं है जब तक कि हम उपभोग की प्रवृत्ति को नियंत्रित न करें। महात्मा गांधी का यह कथन आज और भी प्रासंगिक हो उठता है कि पृथ्वी सभी की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है, किंतु किसी एक के लालच को नहीं। भारत की विडंबना यह है कि एक ओर महानगरों की चकाचौंध, मेट्रो, डिजिटल नेटवर्क और ऊँची इमारतें हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण भारत में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, किसान पसीना बहा रहा है और बच्चे दीपक या कैरोसिन की रोशनी में पढ़ रहे हैं, यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है। नीति आयोग की रिपोर्टों में भी जल संकट, कृषि संकट और पर्यावरणीय असंतुलन को गंभीर चुनौती के रूप में रेखांकित किया गया है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि विकास का रास्ता हरित क्रांति, सतत संसाधन उपयोग और पर्यावरण संरक्षण से होकर ही गुजरता है।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ जीवन में कोई सुख आ जाए या दुख आ जाए, वो सब तुम्हारे ही किए हुए कर्म का फल है। भगवान और गुरु का उसमें कोई हाथ नहीं, सब तुम्हारे हैं।

◆ ऐसे लोग जो जीवन की सभी समस्याओं को चुटकियां बजाते हुए हल निकाल देते हों वही इस जीवन के विद्यालय का टॉपर है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1526: मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर ने दिल्ली का तख्तो-ताज संभाला। 1606: मुगल बादशाह जहाँगीर ने बागी पुत्र खुसरो को गिरफ्तार किया। 1810: बीथोवेन ने प्रसिद्ध पियानो कृति 'फर एलिस' (Für Elise) की रचना की। 1912: प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री व डांसर जोहरा सहगल का जन्म हुआ। 1961: पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली। 1994: दक्षिण अफ्रीका में पहला लोकतांत्रिक चुनाव हुआ, जिसमें अश्वेत नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिला। 2005: दुनिया के सबसे बड़े यात्री विमान एयरबस-380 ने अपनी पहली उड़ान भरी। 2017: भारतीय बॉलीवुड अभिनेता और राजनेता विनोद खन्ना का निधन।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चांदनी रातों में जब गुनगुनाता हूं तो जिंदगी के पाखी डोल उठते हैं झूम उठतीं शबनम पे रेशमी किरणें अंधेरों में, उजाले , बोल उठते हैं। सलोनी कल्पनाएं जैसे हूरों सी बस्तियां महकें , चंपई फूलों सी प्यार के तराने तो ,बादल बन के चांदनी का घूंघट खोल उठते हैं चांदनी रातों में... गुलों के , सितार रात में बजते हैं सितारे अम्बर के, खूब हंसते हैं मकरंद में लिपटे, मखमली नगमे फिर मन में मिश्री सी घोल उठते हैं चांदनी रातों में...। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

यादों को छानना- जैसे रेत को मुट्ठी में बाँधना। सोचा था, अच्छी यादें ठहर जाएँगी, दर्द की कणिकाएँ चुपचाप गिर जाएँगी नीचे। पर होता उल्टा है- चुभन ही अटक जाती है, और कोमल क्षण फिसल जाते हैं उँगलियों से। कहते हैं, ऐसा हो जाए तो जीवन बदल जाता है– पर मेरे लिए यह जादू अब भी असंभव है। - **राकेश मिश्रा**

हो रही भारी किल्लत पानी की संसार में धरती भी बदल रही जलती हुई अंगार में पानी-पानी की त्राहि मची चारों ओर है सूनी गगरी,सूनी आंखें,जीवन मझधार में।

- सपना चन्द्रा

सौदे बीच दलाल देखकर। लूटे जाते माल देखकर। भूले जड़ की गहराई वो, टूटी मेरी डाल देखकर। कछुआ हूँ, खरगोश नहीं मैं, क्या कर लोगे चाल देखकर। चुप-सी हैं उनकी तलवारें, मेरे हाथों ढाल देखकर। मौत आ रही दौड़ी-भागी, घटनाएँ विकराल देखकर। रोटी भी शर्मिंदा होती, भूखे का कंकाल देखकर। दुनिया वाले दुखी बहुत हैं, औरों को खुशहाल देखकर।

- भाऊराव महंत

जब जीवन में ऐसे रिश्ते हों जो हर पल मुस्कान दे जाएँ–प्यारे-प्यारे भतीजे-भतीजियाँ, स्नेह से भरी भाभियाँ, साथ निभाने वाले मज़बूत स्तंभ जैसे भाई और साया बनकर खड़े रहने वाले पिता –तो समझिए आप सच में सबसे अमीर हैं। मायका सिर्फ एक घर नहीं होता, वो भावनाओं का खज़ाना होता है एक ऐसी पूँजी, जो वक्त के साथ और भी बढ़ती जाती है, कभी कम नहीं होती.!!!!

- अंजु डोकानिया

जिस क्षण तुमने कहा था जब माँ स्वप्न में आती है तुम्हारा चेहरा दिखता है उस क्षण मैंने जाना था पृथ्वी और प्रेम एक दूसरे के पूरक हैं तब तुम्हारे प्रेम में मैंने तुम्हें अपनी पृथ्वी बना ली और तुम्हारे आलिंगन को पृथ्वी का गर्भ मान लिया ठीक वैसे ही जैसे माँ के गर्भ में तुम रहे माँ का आलिंगन बनकर। - **अनामिका चक्रवर्ती**

एक छोड़कर आ गया , एक कुँवारा आज। सत्ता सुख की चाह ले , खोल रहे हर राज।। उभय लिंग नेता हुए , मुखिया नृप गांधार । सत्ता सुख ये चाहतें , दिखे नहीं आसार।। बिछी बिसातें हर तरफ, खेले पासा खेल । सत्ता सुख की चाह में, ...नत्थू खैरे मेल।। सत्ता सुख की चाह में , कर लें जितना शोर। रिक्त करों ने धर लिए , नब्ज सभी कमजोर।।

- अंजली यादव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। स्वभाव में परिवर्तन होने पर आज आपको बात बात पर क्रोध आएगा आवेश में आकर किसी से अपशब्द बोलने पर झगड़ा हो सकता है।

वृषः आज के दिन आपको परिवार के बड़ो का मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलेगा। आज दिन के आरम्भ में आप कोई बड़ी गलती कर सकते है लेकिन बुजुर्गो का सानिध्य रहने से बच जाएंगे।

मिथुनः आज के दिन आपके अंदर उदासीनता छाई रहेगी। प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा से करेंगे लेकिन सफलता मिलनी संदिग्ध रहेगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज आप कर्म की अपेक्षा कल्पना में ज्यादा खोये रहेंगे। व्यवसाय स्थल पर कार्यो को अंत तक टालने का प्रयास करेंगे।

सिंहः आज के दिन आप अपनी ही कमियों के कारण परेशान रहेंगे गलती करने पर भी स्वीकार नही करेंगे जिससे प्रेम संबंधों में कड़वाहट आएगी।

कन्याः आज के दिन आप दैनिक कार्यो के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी रुचि लेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपका परोपकारी व्यवहार सम्मान दिलाएगा। अपने कार्य छोड़कर लोगो की परेशानियों को सुलझाने के लिए तत्पर रहेंगे।

तुलाः आज का दिन बीते कुछ दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा। आज के दिन आपका मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक धन कमाना रहेगा इसमें काफी हद तक सफल भी रहेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए निराशाजनक रहेगा आज आप जल्दी से किसी भी कार्य को करने का साहस नही जुटा पाएंगे पर जिस भी कार्य को करेंगे उसमे कुछ भी बना रहेगा।

धनुः आज के दिन आप कुछ हद तक आपके रुके कार्यो को पूर्ण कर सकेंगे लेकिन प्रत्येक कार्यो में धैर्य का परिचय देना होगा तुरंत लाभ ना मिलने से हताश ना हों कर्म करते रहें दे से ही सही सफलता अवश्य मिलेगी।

मकरः आज के दिन आप परिस्थितियों में सुधार आने से राहत की सांस लेंगे। कल तक जो लोग आपके कार्यो में विघ्न डाल रहे थे अथवा आपके निर्णयों को गलत बताया रहे थे वे ही आपका सम्मान करते नजर आएंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिये वृद्धिकारक रहेगा। लेकिन आज आप किसी की सहायता बहुत गंभीर परिस्थितियों में ही अथवा कही फंसने पर ही लेंगे जिससे कार्यो में विलंब होगा।

मीनः आज के दिन आपको अपनी किसी गलती का पश्चाताप होगा लेकिन आज का दिन अभाव में रहने के कारण इसमे सुधार करना संभव नही होगा। मन मे बहुत कुछ करने की योजना बनाएंगे ।

QUIZ TIME

1) भारतीय इतिहास के संदर्भ में कौन कुलाह-दारन कहलाते थे?

2) सिक्किम सुंदरी मुख्य रूप से किस क्षेत्र में पाई जाती है?

3) बारकोड का आविष्कार किस वर्ष किया गया था?

4) भारत का मार्टिन लूथर किसे कहा जाता है?

5) विश्व की पहली अंगहीन तीरंदाजी चैंपियन कौन बनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सैय्यद (2) हिमालय के ऊँचे अल्पाइन क्षेत्र (3) 1974 (4) स्वामी दयानंद सरस्वती (5) शीतल देवी

पहेली

शब्द सामर्थ्य -020

बाएं से दाएं / ऊपर से नीचे: [illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल

न्यूज गैलरी

कार एक्सचेंज के नाम पर 6.61 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका थाना क्षेत्र में कार एक्सचेंज के नाम पर एक युवक से 6.61 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बिलासपुर निवासी संजय वर्मा ने फरवरी 2023 में मोहबा बाजार स्थित कार हब से स्कॉर्पियो खरीदने का सौदा किया था। आरोपियों ने पीड़ित की पुरानी बोलेरो के बदले 2.50 लाख रुपए का समायोजन और शेष राशि फाइनेंस कराने का झांसा देकर उससे गाड़ी और 75 हजार रुपए नकद ले लिए। सितंबर 2024 में डोंगरगढ़ पुलिस ने उसे बुलाकर बताया कि जिस स्कॉर्पियो को वह चला रहा है, उसका असली मालिक कोई और है। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत की।

रायपुर वेस्ट जोन में 6 घंटे की सरप्राइज चेकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अपराध नियंत्रण के लिए शुक्रवार रात रायपुर वेस्ट जोन में 6 घंटे का विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 235 संदिग्धों की जांच कर 135 बदमाशों और वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें शनिवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई में करीब 150 पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। टीम ने ड्रोन कैमरों की मदद से तंग गलियों और संदिग्ध ठिकानों की निगरानी की। एक साथ बस्तियों और बीएसयूपी कॉलोनियों में छापेमारी से अपराधियों में हड़कंप मच गया।

स्काईवाक: शास्त्री चौक की सड़कें एक महीने तक वन-वे

रायपुर/नवप्रदेश। शास्त्री चौक पर स्काईवाक निर्माण को गति देने के लिए सड़कों को शनिवार से एक महीने के लिए वन-वे कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के आदेशानुसार, रात 10 से सुबह 6 बजे तक यातायात नियमों में यह बदलाव प्रभावी रहेगा। नए नियमों के तहत शास्त्री चौक से मल्टीलेवल पार्किंग (जयस्तंभ चौक) और शास्त्री चौक से अंबेडकर अस्पताल चौक तक की सड़कें रात में एकतरफा रहेंगी। इस दौरान ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए चौक के सिग्नल बंद रखे जाएंगे ताकि वाहन चालकों को बाधा न हो। कलेक्टर की अनुमति के बाद सेतु विभाग के कार्यपालन अभियंता ने इसके आदेश जारी किए हैं। वर्तमान में शहीद स्मारक भवन के पास सड़क पर एक महीने से निर्माण सामग्री के कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है।

ट्रक ड्राइवर से चाकू की नोक पर लूट, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के खमतराई स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक ड्राइवर पर चाकू से हमला कर नकदी लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिग शामिल हैं, जिन्हें जेल और बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। घटना 21 अप्रैल की है, जब मध्य प्रदेश निवासी ट्रक ड्राइवर शेख जहांगीर (60) ट्रांसपोर्ट नगर में अपने ट्रक के भीतर सो रहे थे। इसी दौरान रांवाभाठा निवासी अमरदास अपने दो नाबालिग साथियों के साथ ट्रक में घुस गया।

खंडहर मकान में मिला लापता अधेड़ का शव

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के एमजी रोड स्थित एक खंडहर मकान में शुक्रवार देर शाम एक अधेड़ का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान चुनाभट्टी निवासी नरेश पडियार (49) के रूप में हुई है, जो पिछले तीन दिनों से लापता थे। पुलिस प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक या लू लगना मान रही है। परिजनों के मुताबिक, नरेश एमजी रोड की एक हार्डवेयर दुकान में काम करते थे और अक्सर दादाबाड़ी स्थित इस खंडहर मकान में आराम करने जाते थे। तीन दिन पहले वे काम के बाद घर नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था।

शादी समारोह के दौरान हाईवा की चपेट में आने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत दौंदेकला गांव में एक शादी समारोह के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया, जिसने खुशियों को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से 4 वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार यह घटना पूर्व उपसरपंच ढेलूराम वर्मा की पुत्री के विवाह समारोह के दौरान हुई। शादी में चूलमाटी की रस्म चल रही थी, जिसमें महिलाएं और परिजन पैदल एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के रास्ते से गुजर रहे एक तेज रफ्तार हाईवा ने अचानक नियंत्रण खो दिया और मां-बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि मासूम बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई।

बस्तर में विदेशी फंडिंग पर ईडी की सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। माओवाद प्रभावित बस्तर क्षेत्र में कथित मतांतरण गतिविधियों से जुड़े विदेशी फंडिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने ऐसी 153 संस्थाओं को जांच के घेरे में लिया है, जिन्हें विदेशों से आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही थी।जांच में यह सामने आया है कि अमेरिकी मिशनरी संस्था से जुड़े खातों से बस्तर और धमतरी क्षेत्र में करीब साढ़े छह करोड़ रुपये एटीएम के माध्यम से निकाले गए। इसके बाद अन्य संबंधित संस्थाओं के वित्तीय लेन-देन की भी बारीकी से जांच की जा रही है, जिन पर विदेशी धन के दुरुपयोग का संदेह है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ संस्थाओं पर आरोप है कि उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में प्रलोभन देकर मतांतरण कराने के लिए विदेशी राशि का उपयोग किया। इस मामले के सामने आने के बाद विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के तहत पंजीकृत संगठनों की निगरानी कड़ी कर दी गई है। आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2025 तक प्रदेश में 364 गैर-सरकारी संगठन सक्रिय थे। जांच में अनियमितताएं मिलने के बाद 84 संस्थाओं की फंडिंग रोक दी गई है, जबकि 127 संस्थाओं का पंजीयन निरस्त किया जा चुका है। राज्य के गृह विभाग द्वारा केंद्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अब ईडी इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने संकेत दिए हैं कि मामले में जल्द ही और बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

सीएम की तत्परता से बदली बुजुर्ग की जिंदगी, तीन महीने से रुकी राशन और पेंशन तत्काल मिली

रायपुर / नवप्रदेश। राज्य में जनहित के मामलों पर त्वरित कार्रवाई का एक और उदाहरण सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग हितग्राही को लंबे समय से लंबित पेंशन और राशन का लाभ आखिरकार मिल गया। यह संभव हुआ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सीधे हस्तक्षेप के बाद, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निर्देश जारी किए।

मीडिया रिपोर्ट बनी कार्रवाई की वजह-गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक के पथर्री गांव निवासी भीखलु राम ध्रुव को पिछले तीन महीनों से पेंशन और राशन जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही थीं। जैसे ही यह मामला मीडिया के जरिए सामने आया, मुख्यमंत्री ने बिना देर किए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

हितग्राही ने जताया आभार

मदद मिलने के बाद भीखलु राम ध्रुव ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब उन्हें जीवन में काफी सहारा मिला है और सरकार पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

जमीनी स्तर पर असर दिखा रहा नेतृत्व: यह घटना बताती है कि शासन स्तर पर लिए गए फैसले जब तेजी से लागू होते हैं, तो उनका सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद जिस तरह प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की, वह संवेदनशील और जवाबदेह शासन की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

ई-केवाईसी अटका, योजनाएं रुकीं

जिला प्रशासन की जांच में सामने आया कि हितग्राही का ई-केवाईसी लंबित होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर के निर्देश पर तुरंत प्रक्रिया पूरी कराई गई, जिससे लाभ फिर से शुरू हो सका।

तत्काल राहत पेंशन और राशन दोनों मिला: प्रशासन की तेजी का असर यह रहा कि भीखलु राम ध्रुव को तीन महीने की लंबित वृद्धावस्था पेंशन एकमुश्त प्रदान की गई। वहीं खाद्य विभाग की टीम ने उनके घर पहुंचकर एक क्विंटल चावल भी उपलब्ध कराया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली।

नहीं कटा सरकारी गाड़ियों का एक भी चालान

चालान की मार: मार्च में लोगों से वसूले सवा 3 करोड़ रुपए

रायपुर / नवप्रदेश। नियमों का पालन सभी को करना चाहिए। लेकिन नियम सभी के लिए एक जैसे ही होने चाहिए, लेकिन ऐसा होता दिखता नहीं। ट्रैफिक पुलिस ने मार्च महीने में रिकार्ड चालान काटे हैं। आम आदमी से चालान के नाम पर 3 करोड़ 19 लाख रुपए वसूल किए गए, लेकिन हैरत की बात है कि सरकारी गाड़ियों का एक भी चालान नहीं काटा।

अफसरों और परिवहन विभाग में मतभेद: अफसर कहते हैं कि, सरकारी गाड़ियों का चालान नहीं काटा जाता, ऐसा नियम है। लेकिन परिवहन विभाग कहता है-नियम सबके लिए

परिवहन विभाग बोला- छूट का कोई नियम नहीं

उल्लेखीय है कि, मार्च में कुल 1 लाख 12 हजार 271 लोगों के खिलाफ टैफिक नियमों के उल्लंघन की कार्रवाई की गई है। जिन लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है, उनमें से 23 हजार 577 लोगों ने चालान की राशि जमा की है। वहीं, इन तीन महीनों में सरकारी विभाग के माननीयों की एक भी गाड़ी का चालान नहीं कटा है। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार सरकारी गाड़ियों को चालानी कार्रवाई से छूट है। वहीं परिवहन विभाग का कहना है कि छूट का कोई नियम नहीं है।

साढ़े छह गुना ज्यादा चालान

-कुल चालान (जनवरी-मार्च 2025: 30 हजार 443
-कुल चालान (जनवरी-मार्च 2026: 2, लाख 4 हजार 601.
-पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 672% (साढ़े छह गुना) ज्यादा चालान तैयार किए गए।
-महज तीन महीनों में जनता की जेब से 5.64 करोड़ रुपये का समन शुल्क वसूला गया, जो पिछले साल (2.96 करोड़) से लगभग दोगुना है।
6 गुना ज्यादा चालान, तीन महीने में 5 करोड़ वसूले
बीते साल जनवरी से मार्च तक तक 30 हजार 443 लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफचालानी कार्रवाई की गई थी। इस वर्ष जनवरी से मार्च तक 2 लाख 4 हजार से ज्यादा लागों को चालान भेजा गया है।

रायपुर में 15 साल का रिकॉर्ड टूटा : पारा हुआ 44.6 पार

■ राजनांदगांव में सबसे अधिक गर्मी

रायपुर / नवप्रदेश। आसमान से आग बरस रही है। तापमान रोज नए रिकार्ड बना रहा है। रायपुर में शनिवार को गर्मी गर्मी ने ने बीते बीते 15 साल का रिकार्ड ब्रेक कर दिया। शनिवार को रायपुर का तापमान 44.6 डिग्री था। विशेषज्ञों की मानें तो इसके पूर्व 2010 में इस तरह की स्थिति बनी थी। रायपुर के अलावा राजनांदगांव में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाया और पारा 45.5 तक पहुंच गया। अगले चौबीस घंटे के लिए मध्य इलाके में ग्रीष्मलहर का आरेंज अलर्ट मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है।

15 साल का तोड़ा रिकॉर्ड - रायपुर में भीषण गर्मी वर्ष करीब 84 साल पहले, 1942 में 30 अप्रैल को पड़ी थी। उस दौरान तापमान 46.1 पहुंचा था। साल 2010 में पारा 45 के करीब पहुंचा था। पिछले साल रायपुर में 44.4 तक पहुंचा जिसने रिकार्ड ब्रेक किया था। आज शनिवार को उससे भी ज्यादा तापमान रिकार्ड किया गया है। रायपुर की तरह ही राजनांदगांव भी तप रहा है। राजनांदगांव में 45.5 डिग्री रिकार्ड किया गया है। यह छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा है।

परसों से कम होगा गर्मी का प्रकोप-मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि रायपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव के कुछ इलाकों में अगले दो दिन भारी गर्मी का प्रकोप रह सकता है।

प्रकृति और मानव स्वास्थ्य के संतुलन के लिए पशुओं का संरक्षण अनिवार्य: सांसद

■ जैविक खेती के महत्व पर दिया ज़ोर

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा अधिकारी (अज-अजजा) संघ द्वारा ÷पशु चिकित्सकों का मानव स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पूर्ति में विशेष योगदान÷ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने पशुधन के महत्व, उनके स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

पशुधन ही असली समृद्धि का प्रतीक: उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, ÷हमारे देश में एक समय था जब समृद्धि की गणना घर में मौजूद पशुओं की संख्या से होती थी। जिसके पास जितने अधिक पशु, वह उतना ही धनी माना जाता था। दुर्भाग्यवश, कालांतर में मनुष्य स्वार्थी होता गया।और पशुओं की चिंता छोड़ दी।

सड़क दुर्घटनाएं और संवेदनशीलता की आवश्यकता

-सांसद ने सड़कों पर पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पशुओं के प्रति हमारा लगाव खत्म हो गया है, जिससे वे बेजुबान सड़कों पर मरने के लिए छोड़ दिए जाते हैं। उन्होंने कहा, फ़जब उन्हें चारा नहीं मिलता, तो वे कचरे के ढेर से प्लास्टिक खाने को मजबूर होते हैं। हमें और हमारे वेटनरी डॉक्टरों को अधिक संवेदनशील होने की ज़रूरत है। हर जिले और ब्लॉक में पशु एम्बुलेंस की संख्या बढ़ानी होगी ताकि समय पर घायल पशुओं का इलाज हो सके।

कृषि ऋण की लिमिट में बदलाव से बढ़ी किसानों की चिंता, लागत बढ़ने की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कृषि ऋष्ण के नए अनुपात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सहकारी समितियों के जरिए मिलने वाली खाद की लिमिट घटाए जाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। इससे खेती की लागत बढ़ने के साथ ही निजी दुकानों पर निर्भरता भी बढ़ सकती है।

अग्रिम उठाव में देरी:

हर साल 1 अप्रैल से किसानों द्वारा खाद का अग्रिम उठाव शुरू हो जाता था, लेकिन इस बार अप्रैल का अंतिम सप्ताह आने के बावजूद उठाव शुरू नहीं हो पाया है। इससे खरीफ सीजन की तैयारियों पर असर पड़ रहा है और किसानों में खाद की उपलब्धता को लेकर असमंजस बना हुआ है।

नए अनुपात से बढ़ी परेशानी:

सरकार ने कृषि ऋष्ण में नगद और खाद-बीज के अनुपात में बदलाव किया है। पहले जहां 60 प्रतिशत नगद और 40 प्रतिशत खाद-बीज का प्रावधान था, अब इसे बदलकर 70 प्रतिशत नगद और 30 प्रतिशत खाद कर दिया गया है।

लिमिट में भी हुआ बदलाव:

पिछले साल तक सहकारी समितियों में सिंचित क्षेत्र के लिए 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर और असिंचित क्षेत्र के लिए 45 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की सीमा तय थी। नए अनुपात के तहत यह बढ़कर क्रमश: 66 हजार और 55 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर तक पहुंच गई है, लेकिन खाद का हिस्सा घटने से किसानों को नकद राशि का उपयोग बाजार से महंगी खाद खरीदने में करना पड़ेगा।

कालाबाजारी और ओवररेट का खतरा:

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने आरोप लगाया कि इस फैसले से निजी दुकानों पर निर्भरता बढ़ेगी, जिससे कालाबाजारी और ओवररेट की समस्या और गंभीर हो सकती है। उनका कहना है कि सोसायटियों में आपूर्ति कम कर निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे नकली और अमानक खाद के कारोबार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

धान की कस्टम मिलिंग में लापरवाही पर सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में धान की कस्टम मिलिंग में लापरवाही बरतने वाले राइस मिलर्स पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने 74 राइस मिलर्स को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है और समय पर चावल जमा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

बैठक में समीक्षा, दिए सख्त निर्देश: कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने राइस मिलर्स द्वारा भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में कस्टम मिलिंग चावल जमा करने की स्थिति की समीक्षा की। यह कार्रवाई कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले 74 मिलर्स को काली सूची में डाला जा सकता है, उनके खिलाफ सक्षम न्यायालय में अभियोजन चलाया जाएगा और मिल पंजीयन क्रमांक भी ब्लॉक किया जा सकता है।

30 अप्रैल अंतिम तिथि

चाकू मारकर लूट, 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के खमतराई क्षेत्र में चाकू मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) मयंक गुर्जर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम और सहायक पुलिस आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में लगातार चेकिंग और कार्रवाई की जा रही है।

घटना 21-22 अप्रैल की दरम्यानी रात की है, जब प्रार्थी शेख जहांगीर अपने ट्रक को रावांभाठा मेटल पार्क में खड़ा कर सो रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए एक आरोपी ने चाकू से उसके पैर, घुटने और हाथ की उंगली पर वार कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी 10 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए।

मामले में थाना खमतराई पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल का नंबर मिला। इसके आधार पर आरोपी अमरदास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने दो साथियों (विधि के साथ संघर्षरत बालक) के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की रकम, चाकू और बाइक जब्त कर ली है। आरोपियों को 24 अप्रैल को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में अमरदास (19 वर्ष) निवासी सतनाम चौक रावांभाठा शामिल है, जबकि उसके दो साथी नाबालिग हैं। पुलिस का कहना है कि शहर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खनिज ऑनलाइन 2.0 और डीएमएफ पोर्टल 2.0 जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च

ई-ऑक्शन और डिजिटल सिस्टम से बदलेगा रेत कारोबार

■ आम जनता को मिलेगा सीधा फायदा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रेत खदानों के संचालन में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ माइनर मिनरल (रेत माइनिंग और ट्रेड रुल 2025) लागू कर खनन व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक-आधारित और जनहित केंद्रित बना दिया है। इस नई नीति का उद्देश्य रेत की सुगम उपलब्धता, अवैध खनन पर रोक और राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

सीएमडीसी को आरक्षित होंगी रेत खदानें: सरकार ने रेत खदानों के संचालन में जवाबदेही बढ़ाने के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्लपमेंट कारपोरेशन जैसे सरकारी उपक्रमों के लिए आरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इससे खनन गतिविधियां अधिक नियंत्रित और व्यवस्थित होंगी तथा निजी स्तर पर होने वाली अनियमितताओं पर रोक लगेगी। यह पहल ÷राज्य के संसाधन राज्य के नागरिकों के लिए की सोच को मजबूत करती है।

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से मजबूत हुई व्यवस्था: साय सरकार ने खनन क्षेत्र में तकनीक को प्राथमिकता देते हुए खनिज ऑनलाइन 2.0 और डीएमएफ पोर्टल 2.0 जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए हैं। एमएसटीसी के सहयोग से रिवर्स ऑक्शन पोर्टल की शुरुआत ने पूरी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और तेज बना दिया है। राज्य में 200 से अधिक रेत खदानों की ई-नीलामी की योजना इस क्षेत्र में बड़े सुधार का संकेत है।

ई-नीलामी से बढ़ी पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा:

नई रेत नीति में खदानों के आवंटन के लिए ई-नीलामी प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। इससे पहले जहां आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी की शिकायतें आती थीं, अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और प्रतिस्पर्धी बन गई है। इससे योग्य हितधारकों को समान अवसर मिल रहा है।

आम जनता को सस्ती और आसानी से मिलेगी रेत:नई नीति का सबसे बड़ा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। पहले जहां रेत की कमी और ऊंची कीमतें निर्माण कार्यों में बाधा बनती थीं, अब आपूर्ति प्रणाली मजबूत होने से रेत आसानी से उपलब्ध होगी। इसका सीधा लाभ प्रधानमंत्री आवास योजना और निजी निर्माण कार्यों को मिलेगा, जिससे घर बनाना सस्ता और सुलभ होगा।

28 अप्रैल से रजिस्ट्री पर सेस खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री पर लगने वाले 0.60 प्रतिशत उपकर (सेस) को खत्म करने का निर्णय लागू कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना सोमवार को जारी होने की संभावना है, जिसके बाद 28 अप्रैल से होने वाली सभी रजिस्ट्रियों में इसका लाभ मिलने लगेगा। बताया जा रहा है कि इस फैसले से एक करोड़ रुपये की संपत्ति की रजिस्ट्री पर करीब 60 हजार रुपये तक की बचत होगी। यह निर्णय मार्च 2026 में विधानसभा में पारित किया गया था।और राज्यपाल की मंजूरी के बाद अब इसे लागू किया जा रहा है। वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा था कि सरकार का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए प्रक्रियाओं को आसान बनाना है।

आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों की आड़ में चल रहे करोड़ों के अवैध ऑनलाइन सट्टा कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 5 मुख्य संचालकों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गोवा, रायपुर, भिलाई समेत दूसरे राज्यों से ऑनलाइन सट्टा के अवैध नेटवर्क को संचालित कर रहे थे।

सिटी कोतवाली थाना दुर्ग पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई में पहले ही 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। तकनीकी और वित्तीय जांच को आगे बढ़ाते हुए गिरोह के ऊपरी स्तर तक पहुंचकर 5 और मुख्य सदस्यों को पकड़ा गया। जांच में पता चला कि इंटरनेट, व्हाट्सएप कॉल और इंस्टाग्राम कॉल के जरिए आरोपी संपर्क में रहते थे। फर्जी सिम कार्ड, म्यूल अकाउंट और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा था।

पुलिस के अनुसार ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का संचालन करते हुए गिरोह के माध्यम से प्रतिदिन करीब 10 से 15 लाख रुपये का लेनदेन किया जा रहा था। एक माह में 4 से 5 करोड़ रुपये का सट्टा खिलाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 26 मोबाइल फोन, 45 बैंक पासबुक, 76 एटीएम कार्ड, 10 चेक बुक, 1 वाई-फाई राउटर, 5 सिम कार्ड, आधार और पैन कार्ड सहित 2 लाख 70 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं।

आरोपियों में राहुल रंगवानी, उम्र 26 वर्ष, निवासी देवपुरी रायपुर, सोविंद यादव उर्फ राजू यादव, उम्र 26 वर्ष निवासी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, संदीप कापसे उम्र 25 वर्ष, निवासी गोंदिया, महाराष्ट्र, अमन अली, उम्र 23 वर्ष निवासी गौतम नगर, खुर्सीपार, भिलाई, हुसैन अली उम्र 21 वर्ष निवासी गौतम नगर खुर्सीपार भिलाई शामिल हैं।

राजस्व प्रकरणों में देरी, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लापरवाह अफसरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण व अविवादित बंटवारा (खाता विभाजन), विवादित नामांतरण व विवादित बटवारा, सीमांकन प्रकरण, व्यपवर्तन प्रकरण और ऑटो डायवर्सन, कोटवारी भूमि विक्रय पर सिविल वाद दायर, स्वामित्व योजना, भारतमाला व रेल अधिनियिम के तहत भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अलावा भू-आबंटन, जाति प्रमाण पत्र, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4, डीसीएस सर्वेयरों के मानदेय भुगतान, कोर्स रजिस्ट्रेशन, राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, ई-डिस्ट्रिक्ट लोक सेवा गारंटी, अभिलेख शुद्धता, नजूल राजस्व प्रकरणों व नक्शा बटांकन की विस्तृत समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में कोटवारी भूमि के अवैध विक्रय की जानकारी ली। कुल 90 प्रकरणों में से 89 मामलों में सिविल वाद दायर किया जाना है, अब तक 32 मामलों में वाद दायर किया गया है। 57 प्रकरण पेंडिंग हैं। कलेक्टर ने लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे कोटवारी भूमि के सभी खसरा नंबरों की ग्रामवार सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं। सूची के आधार पर पंजीयक द्वारा इन जमीनों के रजिस्ट्रेशन पर रोक (ब्लॉक) लगाई जाएगी, ताकि भविष्य में अवैध विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा के बाहर के प्रकरणों में पटवारी द्वारा अभिलेख दुरुस्ती न किए जाने के कारण मामले लंबित दिख रहे हैं। उन्होंने इस तरह की लापरवाही के लिए संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी करने कहा।

न्यूज गैलरी

दुर्ग में 4 मवेशी तस्कर गिरफ्तार

दुर्ग। मवेशियों की तस्करी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चिखली चौक के पास पुलिस ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में 6 मवेशियों को अमानवीय स्थिति में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी मवेशियों को मुक्त कराया और आरोपियों को हिरासत में ले लिया। युवराज साहू की सूचना पर पुलिस ने चिखली चौक क्षेत्र में घेराबंदी कर पिकअप को रोका। जांच के दौरान वाहन में 6 मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। मवेशियों के लिए न पर्याप्त जगह थी और न चारा-पानी की कोई व्यवस्था थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में निर्मल मनेश्वर, तुलसीराम नागेश्वर, जयपाल नागेश्वर और भगतराम खरे हैं। सभी आरोपी मध्य प्रदेश के बालाघाट और सिवनी जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4 और 6 के साथ ही पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

पालिका पूर्व अध्यक्ष का बयान तथ्यहीन

कुम्हारी। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अध्यक्ष आलोक दुबे ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि कांग्रेस के पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से अनर्गल आरोप लगाए हैं। कुम्हारी के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चों से फीस लेने की बात कही गई है। ये आरोप पूरी तरह तथ्यहीन और बेबुनियाद है। आलोक ने कहा कि वर्तमान में वे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष हैं। राजेश्वर सोनकर को इस तरह की गलत बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। उनकी बातों में सच्चाई है तो साक्ष्य प्रस्तुत करें। ऐसे बयान से विद्यालय की छवि धूमिल होती है। गलत बयान देने के लिये सोनकर को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए।

अग्निवीर भर्ती : परीक्षा की तैयारी करने दुर्ग में मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 2027 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी.ई.ई.) का आयोजन 1 जून 2026 से 15 जून के मध्य होना संभावित है। परीक्षार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आगामी 4 मई से 3 जून तक प्रस्तावित है। अग्निवीर भर्ती 2026-27 के लिए आवेदन कर चुके इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से ई-मेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पाहंदा में विभिन्न परिसरों के समतलीकरण के लिए 7.61 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए कुल 7 लाख 61 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहंदा में महत्वपूर्ण बुनियादी कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत स्कूल, ग्राम पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन के मैदान का समतलीकरण एवं मुरमीकरण कार्य किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा।

मारपीट केस में दोनों आरोपी साधारण मारपीट के दोषी पाए गए, कोर्ट ने माना घटना हत्या के प्रयास का मामला नहीं

कोर्ट ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को किया बरी

भिलाई/नवप्रदेश। सिविक सेंटर में हुई मारपीट के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश अवध किशोर की अदालत ने आरोपी टी. प्रशांत और करण शाह को हत्या के प्रयास यानी धारा 307 के आरोप से बरी कर दिया। दोनों को केवल साधारण मारपीट (धारा 323) का दोषी माना गया है। तीसरे आरोपी राहुल को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए पूरी तरह बरी कर दिया गया। कोर्ट ने माना कि यह घटना हत्या के प्रयास का मामला नहीं, बल्कि शराब भट्ठी के सामने उपजा एक तात्कालिक विवाद था। अदालत ने सवाल उठाया कि हत्या की नीयत होती, तो चोटें इतनी साधारण क्यों होतीं। अदालत ने साफ कहा कि यह मामला हत्या के प्रयास का नहीं, बल्कि शराब भट्ठी के सामने हुए अचानक विवाद का था। दरअसल, 9 अप्रैल 2023 की रात भिलाई सिविक सेंटर क्षेत्र में शिकायतकर्ता मुकेश साहू ने तीन युवकों पर रॉड और डंडे से हमला किये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने मेडिकल रिकॉर्ड, गवाहों के बयान और नक्शों की जांच में पाया कि मुकेश के सिर पर केवल एक साधारण चोट थी और कान के पास खून जमने के निशान थे। सीटी स्कैन, एक्स-रे और मेडिकल रिपोर्ट में कोई फ्रैक्चर या जानलेवा चोट नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि शिकायत में घटना अपना सुपर बाजार के पास बताई गई, जबकि असली घटनास्थल शराब भट्ठी के सामने चखना सेंटर था। पटवारी नक्शा, विवेचक के नक्शे और गवाहों के बयान से इस बात की पुष्टि होती है। शिकायतकर्ता ने अपनी मौजूदगी छुपाने की कोशिश की। शिकायत करने वाला मुकेश साहू खुद पुलिस आरक्षक है। एफआईआर लिखवाते समय उसने यह बात नहीं बताई। यह जानकारी महत्वपूर्ण थी, जिसे छुपाया गया। फैसले में कहा गया कि मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान से पता चलता है कि घटना के समय वह नशे में था। विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए यह बात छुपाई गई।

कोर्ट ने कहा कि राहुल के खिलाफ ठोस सबूत नहीं मिले। उसकी स्पष्ट पहचान नहीं हुई और न ही हमला साबित हुआ। इसलिए उसे बरी कर दिया गया। प्रशांत और करण के खिलाफ मारपीट साबित हुई। प्रशांत पहले ही 99 दिन और करण 168 दिन जेल में रह चुके थे। कोर्ट ने इसे पर्याप्त मानते हुए दोनों को रिहा माना।

बाइक चोरी गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों से बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में एक नाबालिग भी शामिल हैं। आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों में खड़ी दोपहिया वाहनों को निशाना बनाते थे और चोरी के बाद उन्हें भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गौठान की झाड़ियों में छिपाकर रख देते थे। आरोपियों के पास से चोरी के 6 वाहन भी बरामद किए गए हैं, जिनमें 5 स्प्लेंडर और 1 एक्टिवा शामिल है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। नाबालिग को अभिरक्षा में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर क्षेत्र से संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने बताया कि वे मिलकर अलग-अलग जगहों से वाहन चोरी करते थे और बाद में छिपा देते थे। भिलाई के मदर टेरेसा नगर कैंप-01 निवासी सुखदेव पाण्डेय ने थाना सुपेला में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। नेहरू नगर स्थित अटल प्रतिमा के पास से उनकी स्प्लेंडर बाइक चोरी होने की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले। 24 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा गया। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास गौठान क्षेत्र की झाड़ियों से 6 चोरी के वाहन भी बरामद किए गए।

मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

ग्राम सांकरा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी राकेश यादव की विगत 20 सितम्बर 2025 को गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हुई थी।

ग्राम देउरझाल पतोरा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी तुषार कुमार उर्फ तुरू कोसरे की मृत्यु विगत 17 अगस्त 2025 को नहाते वक्त बांध के गहरे पानी में डूबने से और ग्राम घोघारी तहसील पाटन जिला दुर्ग की रहने वाली बालिका खनक बंजारे की मृत्यु 16 जून 2025 को तालाब के पानी में डूबने से हुई थी।

कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. राकेश यादव की पत्नि गोदा बाई यादव, स्व. तुषार कुमार उर्फ तुरू कोसरे के पिता धनेश्वर और स्व. खनक बंजारे के पिता गुलशन बंजारे को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

निजी स्कूलों की मनमानी रोकने बजरंग दल ने खोला मोर्चा

■ **पूरे प्रदेश में चलेगा अभियान, संरक्षण देने वाले अफसरों को घेरेंगे**

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी और अनियमितताओं के खिलाफ बजरंग दल ने मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांत संयोजक रतन यादव ने आज प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी पर संरक्षण देने वाले डीईओ व अन्य अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा। रतन यादव ने बताया कि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम दुर्ग कलेक्टर को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। स्कूल शिक्षा विभाग ने इन मांगों पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 5 सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया गया है। मांग पत्र में अत्यधिक गर्मी के दौरान स्कूल संचालन, फीस वसूली, हर साल ड्रेस और किताबों में बदलाव, प्रोजेक्ट के नाम पर आर्थिक दबाव, वार्षिकोत्सव शुल्क, शिक्षकों को कम वेतन देने, स्कूल में प्रवेश के दौरान प्रति वर्ष डेवलपमेंट फीस वसूली पर विरोध जताया गया है।

यादव ने उम्मीद जताई कि अब निजी स्कूलों की मनमानी से विद्यार्थियों और अभिभावकों को निश्चित रूप से राहत मिलेगी। हर साल निजी स्कूल फीस, किताब, कॉपी, ड्रेस और परिवहन शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे है। हर साल किताबों को बदले जाने और निर्धारित दुकानों से ही किताब खरीदने का दबाव निजी स्कूलों द्वारा बनाया जाता है। बार-बार ड्रेस कोड बदलने, प्रोजेक्ट बनवाने के नाम पर हजारों रुपये खर्च कराने और वार्षिकोत्सव में अनिवार्य शुल्क लेने जैसी शिकायतें भी सामने आती है।

बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड-2026 से सम्मानित हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह

दुर्ग/नवप्रदेश। डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह को हेमचंद विवि दुर्ग द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें 165 संबद्ध महाविद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ क्रीड़ा अधिकारी के रूप में चयनित किया गया है। डॉ सिंह को प्रशस्ति पत्र के साथ 15 हजार की नगद राशि भी प्रदान की गई। उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय ने पिछले 5 वर्षों में खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक खेलों में स्वर्ण, रजक एवं कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं। महाविद्यालय ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 107 प्रतिभागिताएं भी दर्ज की हैं। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु 10 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति वितरित की गई है। इस उपलब्धि पर श्री गंगाजली एजुकेशन समिति के चेयरमेन आईपी मिश्रा ने कहा कि डॉ. सिंह की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उनकी समर्पित सेवा ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। श्री गंगाजली एजुकेशन समिति के अध्यक्ष जया मिश्रा ने कहा कि डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह की यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि यह सम्मान डॉ. सिंह की कड़ी मेहनत और छात्रों की निरंतर उपलब्धियों का प्रमाण है। महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि उन्होंने खेल मार्गदर्शन में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

हवाई हमले की आशंका को लेकर मॉक ड्रिल

■ **एसडीआरएफऔर वालेंटियर्स ने संभाली कमान**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के उद्देश्य से हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनसीसी और होमगॉर्ड जवानों को सिविल डिफेंस, एयर रेडियो/ब्लैकआउट का मॉक ड्रिल किया गया। केन्द्रीय विद्यालय के पास डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट दुर्ग कैंपस में मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमलों जैसी आपात स्थितियों में नागरिक सुरक्षा और राहत कार्यों की रणनीतिक तैयारी को परखा गया। जवानों को अंधेरे में प्रभावी संचार व्यवस्था बनाए रखने, एयर रेड सायरन बजने पर त्वरित प्रतिक्रिया देने, सुरक्षित आश्रय स्थलों का प्रबंधन करने और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने ब्लैकआउट की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि न्यूनतम रोशनी में भी अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जा सकता है।

मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर आपात स्थिति का संकेत दिया गया। राहत और बचाव कार्य शुरू किए गए। एसडीआरएफ के जवानों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर घायलों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने और सुरक्षित निकासी की तकनीक का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल के दौरान सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, प्रभारी अधिकारी सिल्ली थॉमस, नोडल अधिकारी नागेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी सहित एसडीआरएफ की टीमों के साथ स्थानीय वालेंटियर्स उपस्थित थे।

टाउनशिप में निर्बाध बिजली सप्लाई करने लोड प्रबंधन के उपाय लागू

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के नगर सेवा विभाग द्वारा बढ़ते तापमान के मद्देनजर टाउनशिप में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने रणनीतिक लोड प्रबंधन उपाय लागू किए गए हैं। विभाग द्वारा बड़े सार्वजनिक मैदानों में नियंत्रित विद्युत आपूर्ति (पावर कर्टेलमेंट) जैसे कदम उठाए गए हैं, जिससे समग्र विद्युत भार का संतुलन बनाए रखा जा सके। लोड अनुकूलन रणनीति के अंतर्गत उन बड़े मैदानों की विद्युत आपूर्ति को विनियमित किया गया है, जिनका उपयोग मुख्यतः सार्वजनिक या मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिए किया जाता है। निगम द्वारा निर्मित अधिकांश मैदानों से विद्युत शुल्क प्राप्त नहीं होता है। इसकी जानकारी संबंधित पक्षों को पूर्व में ही दे दी गई है। इन क्षेत्रों से बिजली के दुरुपयोग की भी शिकायतें मिलती रहती हैं। टाउनशिप के लिए प्रभावी उपलब्ध विद्युत क्षमता लगभग 42 मेगावाट के आसपास रहती है। ट्रांसमिशन लॉस, जो परिवेशीय तापमान पर निर्भर करता है, सामान्यतः 7 से 10 प्रतिशत के बीच रहता है। ग्रीष्मकाल में एयर कंडीशनर व कूलर के बढ़ते उपयोग के कारण कंडक्टर का प्रतिरोध बढ़ जाता है, जिससे यह हानि लगभग 15 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। औसत रूप से 8 प्रतिशत लाइन लॉस और लगभग 2 प्रतिशत ट्रांसफॉर्मर कोर लॉस को ध्यान में रखते हुए टाउनशिप के लिए उपलब्ध विद्युत क्षमता घटकर लगभग 38 मेगावाट रह जाती है। इन परिस्थितियों में जरूरी है कि पीक लोड को 34 मेगावाट के आसपास बनाए रखे, ताकि आवासीय क्षेत्रों में स्थिर व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। विभाग द्वारा निरंतर प्रयास कर रहा हैं कि पीक लोड को 35 मेगावाट से नीचे नियंत्रित रखा जाए।

समीक्षा: कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

केमिकल फर्टिलाइजर की जगह सस्ते हरी खाद, नील हरित काई, नैनों उर्वरक के उपयोग पर जोर

दुर्ग/नवप्रदेश। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव कृषि विकास एवं किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग शहला निगार की अध्यक्षता में रबी 2025-26 की प्रगति और खरीफ 2026 के कार्यक्रम निर्धारण की समीक्षा की गई। क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान, रूआबांधा दुर्ग के प्रशिक्षण हॉल में हुई संभाग स्तरीय बैठक में संभागायुक्त एसएन राठौर, संचालक कृषि राहुल देव, एमडी मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला, प्रबंध संचालक बीज निगम अजय अग्रवाल, संचालक उद्यानिकी लोकेश चन्द्राकर, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड महेन्द्र सवन्नी, प्रबंध संचालक बीज प्रमाणीकरण अश्वनी बंजारा, अपर संचालक कृषि सीबी लोण्डेकर, उप सचिव कृषि विकास मिश्रा, महाप्रबंधक बीज निगम विनोद वर्मा और कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह सहित संभाग के अन्य जिले के कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ शामलि हुए।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने रबी 2025-26 में दुर्ग संभाग के दलहन, तिलहन क्षेत्र विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए सराहना की। उन्होंने आगामी वर्षों में ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर दलहन, तिलहन, मक्का व अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिये। आगामी खरीफ 2026 में धान के स्थान पर अन्य उपयुक्त वैकल्पिक फसल जैसे सुगंधित धान, अरहर, मक्का, सोयाबीन, कपास, साग-सब्जी जैसी फसल को प्रोत्साहित करने कहा। सभी जिले में धान की कम से कम एक निर्यात योग्य विशिष्ट गुण/सुगंधित किस्म का क्लस्टर में अधिक से अधिक क्षेत्र विस्तार करने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पीएम आशा योजनांतर्गत दलहन, तिलहन खरीदी में राज्य के अन्य संभाग की तुलना में दुर्ग संभाग में सर्वाधिक लगभग 60,000 क्विंटल उपार्जन किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों के मांग के आधार पर पीएम आशा योजना के पंजीयन तिथि में वृद्धि की जानकारी देते हुए किसानों के अधिक से अधिक उपार्जन करने और समय पर भुगतान करने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य रूप से टिकाऊ और सतत खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया, ताकि फसल उत्पादकता और मिट्टी की उर्वरकता बनी रहे, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान इकाई द्वारा उर्वरकों के सस्ते और आसान वैकल्पिक उपाय हरी खाद, नील हरित काई, जैव उर्वरक, नैनों उर्वरकों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टर से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर बढ़ावा देने के निर्देश दिये गए। डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे नैनो डीएपी, एनपीके, एसएसपी, टीएसपी जैसे उर्वरकों के उपयोग पर जोर दिया गया।

शादी सीजन में देसी शराब की मांग चरम पर, मुंगेली में सप्लाई हुई कमजोर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों गर्मी के पारे के साथ-साथ देसी मदिरा का बाजार भी चढ़ा हुआ है। नए वित्तीय वर्ष के आगाज के साथ ही जिले के शराब प्रेमियों के बीच देसी मदिरा (मसाला और प्लेन) को लेकर ऐसी दीवानगी देखी जा रही है कि आबकारी विभाग को सप्लाई बनाए रखने के लिए पसीने छूट रहे हैं। शादी-ब्याह के समय के चलते जितनी मांग में वृध्दि हुई है उतनी पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे राजस्व की भी हानि हो रही है, शहर से लेकर लोरमी और पथरिया के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक, देसी शराब दुकानों के बाहर सुबह से ही कतारबद्ध भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि इस बार राजस्व के सारे पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त होने वाले हैं। जहां आम दिनों में लगभग 200 पेटी मदिरा कि बिक्री होती थी अब शादी-ब्याह के समय के चलते 350-400 पेटी मदिरा कि बिक्री हो जाती है जिनमें से देशी मदिरा और बियर कि मांग सबसे अधिक है, किन्तु पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिले में 15 शराब दुकानें है जिनमें से कई दुकानो मे आपूर्ति की कमी होते ही दुकान बंद कर दी जाती है, जिसका प्रभाव राजस्व पर भी पड रहा है। इस बार शराब दुकानों के काउंटर पर सबसे ज्यादा चर्चा कांच से प्लास्टिक की ओर हुए बदलाव की है। शासन के निर्देशानुसार अब देसी शराब कांच की बोतलों के बजाय प्लास्टिक की बोतलों में परोसी जा रही है। ग्राउंड जीरो पर मौजूद ग्राहकों का कहना है कि प्लास्टिक की बोतलें ले जाने में सुरक्षित हैं और टूटने का डर नहीं रहता। वहीं, जानकारों

की मानें तो पैकेजिंग में आए इस बदलाव और कीमतों में मामूली फेरबदल ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के बीच देसी शराब की पहुंच और बढ़ा दी है। जिले में बढ़ती मांग को देखते हुए आबकारी विभाग ने ओवर रेटिंग और कोचियागिरी (अवैध बिक्री) पर नकेल कसने के लिए कमर कस ली है, कलेक्टर के सख्त निर्देश हैं कि दुकानों पर स्टॉक की कमी न हो, ताकि लोग अवैध मदिरा की ओर न भटकें। बावजूद इसके, ग्रामीण अंचलों से आ रही खबरें बताती हैं कि मांग इतनी अधिक है कि कई बार काउंटर पर स्टॉक खत्म होने की नौबत आ जाती है, जिसका फायदा उठाकर बिचौलिए सक्रिय हो जाते हैं। शासन का पूरा ध्यान इस बात पर है कि किसी भी सूरत में अवैध शराब का कारोबार न फले-फूले। जहां राजस्व का ग्राफ ऊँचा हो जाता है वहीं, सामाजिक चिंता भी बढनें लगती है जहाँ एक ओर आबकारी विभाग इस बढ़ती मांग को सरकारी खजाने के लिए शुभ संकेत माना जाता है, वहीं जिले के प्रबुद्ध वर्ग और महिलाओं में इसे लेकर गहरी नाराजगी भी जताई जाती है। शराब दुकानों के आसपास बढ़ती भीड़ और नशे के चलते कानून-व्यवस्था के लिए चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं। और पर्यावरण प्रेमियों का तर्क है कि शराब की लाखों प्लास्टिक बोतलें आने वाले समय में जिले के लिए कचरे का बड़ा संकट खड़ी करेंगी।

जल्द ही सुधार होगी

शासन के आदेश पर कांच की बॉटल बंद कर प्लास्टिक बॉटलों से शराब का आबंटन होना है जिसकेचलते जिले में शराब की आवक कम मात्रा में हो रही है जिसके चलते बिक्री पर असर पडा है, जल्द ही इसे सुधार कर लिया जाएगा।
रविशंकर साय, जिला आबकारी अधिकारी मुंगेली

न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार: अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध,

सक्ती/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना सुशासन का मूल आधार है। विदित हो कि गत वर्ष 'सुशासन तिहार' का सफल आयोजन किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। इसी क्रम में इस वर्ष भी शासन द्वारा 'सुशासन तिहार 2026' का आयोजन दिनांक 01 मई 2026 से 10 जून 2026 तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के संबंध में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। बिना पूर्व सूचना के कोई भी अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।

सामाजिक एकता का संदेश देगा बरदुली आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बरदुली में भक्त माता कर्मा, राजिम जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ डॉ. निरेंद्र साहू, प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग थानेश्वर साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीकांत पांडे, उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ तिलक राम साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संजीत बनर्जी सहित समाज के पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण शामिल रहेंगे। कार्यक्रम 29 अप्रैल बुधवार को शाम 6 बजे चूलमाटी एवं तेल के साथ प्रारंभ होगा एवं 30 अप्रैल गुरुवार प्रात 7 बजे देवतला 8 बजे हरदियाही, 9 बजे बारात एवं दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन होगा। सुबह 10 बजे से सुप्रसिद्ध कलाकार अनुराग शर्मा स्टार रायपुर के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजक झालेश्वर साहू को बनाया गया है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर खुला खुडिया बांध

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में बढ़ते जल संकट के बीच आम नागरिकों के लिए राहतभरी खबर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की मांग पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अधिकारियों को मनियारी जलाशय (खुड़िया बांध) से निस्तारी हेतु पानी छोड़ने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में आज मनियारी जलाशय से पानी छोड़ा गया, इससे क्षेत्र में पेयजल एवं पशुधन के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर जलाशय से नहर किनारे स्थित निस्तारी तालाबों एवं मनियारी व आगर नदी में निर्मित एनीकटों में जल भराव किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को कम किया जा सके। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में मनियारी जलाशय में 130.27 मिलियन घन मीटर, अर्थात लगभग 88.20 प्रतिशत जल भराव उपलब्ध है, जो पानी छोड़ने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने आम नागरिकों से पानी का दुरुपयोग नहीं करने और केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही इसका उपयोग करने कहा है।

कलेक्टर के निर्देश पर तीन चरणों में प्रशिक्षण पूरा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना हेतु जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से 24 अप्रैल तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण समापन अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने लोरमी एवं लालपुर थाना क्षेत्र का दौरा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से जुड़े सभी बिंदुओं को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ समझने के निर्देश दिए, ताकि सटीक एवं विश्वसनीय जानकारी का संकलन सुनिश्चित हो सके और जनगणना कार्य पारदर्शी व सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। एडीएम ने वर्तमान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की भी अपील की।

निधन

कली बाई नागरे

मुंगेली/नवप्रदेश। सरदार पटेल वार्ड पुराना बस स्टैण्ड निवासी कली

बाई नागरे पति स्व. मया राम नागरे उम्र 86 वर्ष में शनिवार को निधन हो गया। वे कृष्ण कुमार नागरे की माता थी। कली बाई नागरे जिस समय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नही थी, उस समय अपनी कार्य कुशलता और अनुभव से हजारों महिलाओं का सुरक्षित प्राकृतिक प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) कराया। क्षेत्र के कई घरों में तो दादा, पिता और पोते तीनों पीढ़ियों का जन्म कली बाई के हाथों ही हुआ है। उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन मौन, नहीं हो रही कार्रवाई

***दो एकड़ का डायवर्सन, दस पर निर्माण**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। नगर निगम अंबिकापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग का कारोबार बेखौफ हो रहा है। शासन - प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर यहां खेत खलिहान की आवासीय प्लाट के रूप में खरीदी बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि शहर के आसपास इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कालोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। निगम सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार जोर-शोर से हो रहा है। बिल्डर रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) को दरकिनार कर प्लाट बेच रहे हैं। इसके चलते प्लाट खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी में फंस सकते हैं।

अंबिकापुर शहर में भू माफियाओं द्वारा बड़े भूखंड को खरीदी बिक्री कर अवैध रूप से प्लाटिंग कर लोगों को बेचा जा रहा है। साथ एक ही प्लाट को दो या दो से अधिक लोगो को बिक्री भी की जा रही हैं। वहीं शहर व आसपास के गांव से लगे खेतों की बिक्री आवासीय प्लाट के रूप में बेधड़क हो रही है। इन खेतों को प्लाटिंग करने वाले लोग पहले कच्ची सड़क तैयार करते हैं इसके बाद वहां अपने तरीके से प्लाटिंग करते है। कृषि योग्य भूमि को प्लाट के रूप में विकसित कर खरीदी बिक्री के लिए नियमानुसार डायवर्सन करना पड़ता है। एक से अधिक प्लाट काटने के बाद नियमानुसार कॉलोनाइजर एक्ट के तहत सभी औपचारिकता पूरी करने के बाद उसकी खरीदी बिक्री होनी चाहिए। लेकिन, बिना पंजीयन के ही न केवल आवासीय कालोनी बन रहे हैं बल्कि खेत खलिहान का धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग भी हो रही है। नगर निगम अंबिकापुर मे सुभाष नगर, गंगापुर, चठीरमा, सरगवां, मायापुर, भिट्ठीकला, क्रान्तिप्रकाशपुर, फुन्दूरडिहारी, केशवपुर, सोनपुरकला, असोला सहित अन्य क्षेत्रो मे ऐसी कई कालोनियां हैं जिनके अवैध प्लाटिंग के मामले विभागों में लंबित हैं। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) के नियमानुसार किसी भी बिल्डर को जमीन की प्लाटिंग करने से पहले रेरा में रजिस्टेशन कराना अनिवार्य है। इसके अलावा मगर नगर निगम सहित अन्य क्षेत्रो में अवैध प्लाटिंग का खेल जोरों पर चल रहा है।

बिल्डर पर कार्रवाई का प्रावधान

प्लाट बेचने से पहले बिल्डर वहां जन सुविधाओं से जुड़ी चीजें पक्की नाली, सड़क, बिजली व पानी का इंतजाम, सीवर, खेल मैदान आदि की सुविधा उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। रेरा के नियमों का पालन नहीं होने पर बिल्डर पर कार्रवाई का प्रावधान है। गड़बड़ी करने वालों पर जहां रेरा उसकी योजना की लागत का दस प्रतिशत तक जुर्माना कर सकती है। वहीं किसी मामले में एफआइआर होने पर तीन साल की सजा का भी प्रविधान एक्ट में है। रेरा के अनुसार एक्ट की वजह से यह भी तय है कि जिनका पंजीयन रेरा में होगा।

100 पाव देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। देशी शराब तस्करी करने वाले तस्करी करने वाले आरोपी से 100 पाव 18 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त 01 बाइक व 01 मोबाइल कुल कीमती 74,000 रूपये को जप्त किया गया। शराब तस्कर के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस को 23 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति अपने कब्जे में देशी मदिरा शराब रखकर परिवहन करते जा रहा है, कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ घेराबंदी कर ग्राम बिरगांव कोदवाबानी रोड के पास पकड़ा गया। जिससे पूछताछ व गवाहों के समक्ष चेक करने पर वह व्यक्ति अपना नाम भूपेन्द्र कुमार डाहिरे पिता अमृतदास डाहिरे उम्र 40 वर्ष निवासी बैगाकापा थाना लालपुर जिला मुंगेली का होना बताये, जिसके कब्जे में एक विमल पान मसाला के थैला सफेद लाल रंग के अंदर 100 नग देशी प्लेन शराब (18 बल्क लीटर) कीमती

8000 रूपये मिला व शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी-28 यू-2837 कीमती 60,000 रूपये एवं 01 नग ओप्पो मोबाइल जुमला कीमती 74,000 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी भूपेन्द्र कुमार डाहिरे पिता अमृतदास डाहिरे उम्र 40 वर्ष निवासी बैगाकापा थाना लालपुर को विधिवत् 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली कार्तिकेश्वर जांगड़े, सहायक उप निरीक्षक भानू बर्मन, प्रधान आरक्षक राजेश बंजारे, आरक्षक अरूण साहू दिलीप साहू, रवि श्रीवास एवं दीप खुंटे की भूमिका रही।

जल संरक्षण के साथ होगा आय संवर्धन- जिपं सीईओ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन सहित पंचायतों में चल रही विभिन्न विभागीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। ''नवा तरिया आय के जरिया' अंतर्गत 39 प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति के संबंध मे कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए गए कि शासन की इस पहल को साकार रुप प्रदान किया जाए, जिससे जल

संरक्षण के साथ-साथ इस अभियान के तहत निर्मित तालाबों को महिला समूहों की आय का जरिया बनाया जाए। उन्होंने कहा की तालाबों में बारहमासी जल संग्रहण सुनिश्चित हो ताकि महिला स्वयं सहायता समूह मत्स्य पालन व अन्य गतिविधियों से अपनी आजीविका सुदृढ़ कर सकें। वर्षा जल संचयन हेतु 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के अंतर्गत 'रिज टू वैली' अवधारणा के तहत 1879 चिंन्हाकित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए जिससे वर्षा जल ज्यादा संचयन हो सके । बैठक में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, उन्होंने नरेगा कार्यों में लक्ष्य से पिछड़ने पर सीतापुर और मैनपाट के कार्यक्रम अधिकारियों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में खराब प्रदर्शन और 'मोर गांव मोर पानी' अभियान के प्रस्तावों में देरी करने पर लुंड्रा जनपद के सभी तकनीकी सहायकों का अप्रैल माह का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर पुलिस का शिकंजा

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला पुलिस ने यातायात सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपनी सख्ती बढ़ा दी है. पुलिस प्रशासन के मार्गदर्शन में जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्ष 2026 में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही की गई है। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट या मानक के विपरीत अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले कुल 444 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी

कार्यवाही की है. इस कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:81 वाहनों से मौके पर ही 49,500 रुपये समन शुल्क वसूला गया.363 वाहनों के विरुद्ध ई-चालान काटा गया, जिसका शुल्क वाहन चालकों को ऑनलाइन जमा करना पड़ रहा है. जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर निर्धारित नियमों के अनुसार नंबर प्लेट अवश्य लगाएं. पुलिस के अनुसार, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर खतरा पैदा करता है. एमसीबी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों के पालन हेतु इस तरह की सख्त कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

लंबित मामलों के निराकरण पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के तत्वाधान में 09 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में जिला न्यायालय परिसर मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजीव कुमार, प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय, राकेश कुमार सोम प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जसविन्दर कौर अजमानी मलिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कंचन

लता आचला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीपक कुमार शर्मा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश मुंगेली, कुमारी नारायणी कच्छप, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, कु. श्रेया तुलावी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, कु. अतनु प्रसाद, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, टीकम चंद्राकर एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

दुर्ग में बना एमसीबी का दबदबा: बेटियों ने जीते स्वर्ण पदक, अब नेशनल की बारी

मनेन्द्रगढ़/दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कूड़ो संघ एमसीबी (मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। दुर्ग के स्वामी विवेकानंद सभागार भवन, पदनाभपुर में आयोजित 'चौथी छत्तीसगढ़ कूड़ो चैंपियनशिप 2026-27' में जिले की छात्राओं ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इस चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एमसीबी जिले की हरलीव कौर खनूजा ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग और 60 किलोग्राम वजन श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया।

वहीं, 14 वर्ष से कम आयु के ही 50 किलोग्राम वजन श्रेणी में हर्षिता सिंह यादव ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। खिलाड़ियों के साथ-साथ जिला कूड़ो संघ एमसीबी के सचिव और मुख्य प्रशिक्षक हेमलाल पनिका ने भी अपनी खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए 50 वर्ष से कम पुरुष आयु वर्ग (पीआई-210) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले के अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें सानिया सेन और चंचल बर्मन की भूमिका सराहनीय रही। मुख्य प्रशिक्षक हेमलाल पनिका और संघ के सभी सदस्यों ने इस ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त किया है।

पदक विजेता खिलाड़ियों को आगामी मई माह में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और परिवार का गौरव बढ़ा सकें।

पहल

कुपोषण के खिलाफ मुंगेली की जंग सफल, 1800 बच्चे हुए सुपोषित स्वास्थ्य विभाग की पहल रंग लाई

पोषण केंद्र की बड़ी उपलब्धि, 2000 से अधिक बच्चों को मिला नया जीवन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र आज कुपोषित बच्चों के लिए नई जिंदगी का आधार बनता जा रहा है।

लगभग 15 वर्षों से निरंतर कार्यरत इस केंद्र ने अब तक हजारों बच्चों को कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकालकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर किया है। जिला चिकित्सालय में संचालित 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र में अब तक करीब 2000 से अधिक बच्चों का उपचार किया जा चुका है। इनमें से लगभग 1800 बच्चों को कुपोषण की श्रेणी से निकालकर सुपोषित बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 219 बच्चों को भर्ती किया गया, जिनमें से 182 बच्चे उपचार के बाद सुपोषित श्रेणी में आ चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता को दर्शाती है, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ने का भी संकेत है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य गंभीर कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को समुचित उपचार, संतुलित आहार और नियमित निगरानी के माध्यम से स्वस्थ बनाना है। यहां 01 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती कर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत इलाज और पोषण आहार दिया

जाता है। इसके साथ ही बच्चों के अभिभावकों को भी पोषण संबंधी जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे घर पर भी बच्चों की सही देखभाल कर सकें। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि पोषण पुनर्वास केंद्र की विशेषता यह है कि यहां उपचार के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। माताओं को स्तनपान, पूरक आहार, स्वच्छता और बाल देखभाल से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा, केंद्र में समय-समय पर राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे पोषण पखवाड़ा, स्तनपान सप्ताह, शिशु संरक्षण दिवस आदि का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाई जाती है। जिले में वर्तमान में तीन पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित हैं, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में 08 बिस्तर तथा जिला अस्पताल में 10 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध है। यहां प्रशिक्षित डॉक्टरों, नर्सों और पोषण विशेषज्ञों की टीम बच्चों की निरंतर निगरानी और देखभाल में जुटी रहती है। भर्ती बच्चों का नियमित फॉलोअप भी किया जाता है, जिससे उनकी प्रगति पर नजर रखी जा सके। इस पूरी प्रक्रिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और आरबीएसके टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, जो कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करती हैं। यही समन्वित प्रयास इस अभियान को सफल बना रहा है। कुपोषण के खिलाफ यह लड़ाई केवल स्वास्थ्य विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। मुंगेली का पोषण पुनर्वास केंद्र इस दिशा में एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है कि सही रणनीति, समर्पण और सामूहिक प्रयास से कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

जमीन आवंटन के बाद भी आत्मानंद कालेज को भवन के लिए नहीं मिली राशि

■ तीन साल से अस्थायी स्कूल में चल रही पढ़ाई

■ बढ़ती छात्र संख्या के बीच तंग कमरों में उच्च शिक्षा

कोरबा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (सेजेस) से हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए पिछले तीन से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कालेज का संचालन शासकीय ताप विद्युत गृह उच्चत्तर माध्यमिम शाला में किया जा रहा है। कालेज के लिए शहर के निकट भुलसीडीह में स्थल चिन्हांकित छह माह पहले ही की जा चुकी है। उच्च शिक्षा विभाग से राशि आवंटन नहीं होने के कारण कालेज निर्माण नहीं हो पा रहा। वर्ष दर वर्ष कालेज में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है। जून माह से शुरू होने वाली नवीन शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों वैकल्पिक व्यवस्था के तंग कमरों में अध्यापन करना होगा।

विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम शिक्षा और केंद्रीय पाठ्यक्रम से जोड़ने के लिए कांग्रेस के कार्यकाल में स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की गई। मध्यम व गरीब परिवार के बच्चों ने इन स्कूलों में शिक्षा तो प्राप्त कर ली लेकिन उच्च शिक्षा के लिए परेशानी होनी लगी। सीबीएसई माध्यम विद्यार्थियों के लिए कालेज की सुविधा नहीं होने की वजह विद्यार्थियों को बिलासपुर व रायपुर का दौड़ लगाना पड़ रहा था। समस्या निराकरण के लिए वैकल्पिक

व्यवस्था के शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ताप विद्युत गृह क्रमांक एक में स्वामी आत्मानंद कालेज की शुरूआत की गई है। वर्तमान में बीए, बीकाम व बीएससी स्नातक की कक्षाएं ही यहां संचालित हो रही है। प्रति वर्ष बढ़ रही विद्यार्थियों की संख्या और आने वाले वर्षों में स्नातकोत्तर संचालन की दृष्टि से स्थल पर्याप्त नहीं है। उच्च शिक्षा अनुरूप भवन नहीं होने की वजह से कालेज प्रबंधन की ओर से स्वयं के कालेज भवन की मांग की जा रही है। समस्या को देखते उच्च शिक्षा विभाग ने लीड लीड कालेज को स्थल चिन्हांकन के लिए कहा था ताकि राशि आवंटन किया जा सके। जिला प्रशासन के राजस्व विभाग ने ग्राम भुलसीडीह पांच एकड़ जमीन की स्वीकृति दे दी है। आवंटित जमीन में भवन निर्माण के प्राक्कलन तैयार कर पांच करोड़ स्वीकृति की मांग की गई है। माना जा रहा था नवीन वित्तीय वर्ष शुरू होने के पहले राशि आवंटन होगी, लेकिन नहीं हुई है।

बायोलाजी के लिए भी किया गया है आवेदन-

ताप विद्युत गृह स्कूल क्रमांक एक में संचालित आत्मानंद कालेज कला, वाणिज्य के अलावा विज्ञान विषय की कक्षाएं शुरू की है। विज्ञान के मेथेमेटिक्स ग्रुप के विद्यार्थियों की एडमिशन की सुविधा है, वहीं बायोलाजी विषय के विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा नहीं है। कक्षा बारहवीं के बाद बायोलाजी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को महानगरीय कालेज में आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए दौड़ लगानी पड़ती है। कई विद्यार्थी विषय परिवर्तन कर लेते हैं।

मेडिकल कालेज भवन का भी हो रहा निर्माण

उल्लेखनीय है कि ग्राम भुलसीडीह में जिला मेडिकल कालेज भी निर्माण हो रहा है। बताया जा रहा है वर्ष 2026 तक कालेज का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। मेडिकल कालेज के अलावा यहां स्वामी आत्मानंद कालेज का निर्माण किए जाने से आवागमन की सुविधा सुलभ होगी। स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर खुलेंगे। मेडिकल की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के दाखिले का अवसर मिलेगा। आत्मानंद स्कूल से बायोलाजी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को अन्य जिलों में पढ़ाई के लिए दौड़ नहीं लगानी होगी।

संक्षिप्त खबरें

पुटुवा गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, पुल निर्माण की मांग वर्षों से लंबित

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में विकास के दावे आज भी जमीनी हकीकत से दूर नजर आ रहे हैं। यहां कई ऐसे गांव हैं जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। खासकर पुल निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ये मामला है पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के पुटुवा ग्राम का। जहां धवाई टिकरा और डुगुपारा को जोडने वाला एकमात्र पुल आज तक नहीं बन सका है। यह स्थिति तब है जबकि स्वाधीनता का अमृतकाल जोर-शोर से मनाया जा रहा है। बरसात के दिनों में इस नाले में तेज बहाव और बाढ़ की स्थिति बन जाती है, जिससे गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ता है, जो पुल के अभाव में स्कूल नहीं जा पाते और उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से पुल निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब जबकि बारिश का मौसम फिर नजदीक है, ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। छात्रों और ग्रामीणों ने कोरबा कलेक्टर से जल्द से जल्द पुल निर्माण कराने की गुहार लगाई है।

जनगणना में नागरिकों की जानकारी पूरी तरह गोपनीय : कलेक्टर

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में शुक्रवार संध्या को आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी भारत की जनगणना 2027 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना में नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी तथा इसका उपयोग केवल विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजना का आधार स्तंभ है। इस बार प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे डेटा संग्रह अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगा। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत नागरिकों की जानकारी किसी भी पुलिस जांच, आयकर या अन्य कार्यवाही में उपयोग नहीं की जा सकती। डॉ कन्नौजे ने कहा कि जनगणना को दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहला चरण मकान सूचीकरण का होगा, जो 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। इसके तहत लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें घर की स्थिति, पेयजल, बिजली, शौचालय और अन्य सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी। मुख्य जनगणना फरवरी 2027 से शुरू होकर मार्च 2027 तक पूरी की जाएगी, जिसमें करीब 33 प्रश्नों के माध्यम से नागरिकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जाएगा।

बीएससी नर्सिंग, पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 27 अप्रैल तक

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। इसमें बीएससी नर्सिंग, पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। इसके लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

दंतेवाड़ा में रिश्तों का कत्ल: बेटे ने कर दी मां की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम धनिकरका में एक परिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। 23 अप्रैल की रात आरोपी बुधराम मरकाम अपनी बुआ के लिए झाड़-फूंक कर रहा था, तभी उसकी मां आयते मरकाम ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।बताया जा रहा है कि, विवाद बढ़ने पर आरोपी का गुस्सा बेकाबू हो गया, उसने अपनी मां को जमीन पर पटक दिया और फिर हंसिए से उसके सीने पर वार कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कुआकोंडा पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। तेज कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी बुधराम मरकाम (34 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जिला जेल दंतेवाड़ा भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

अधिकारियों और वेंडर की जुगलबंदी: 25 हजार का रिक्शा पंचायतों को 55 हजार में थमाया

स्वच्छ भारत के नाम पर 'सफाई', कोंडागांव में कचरा रिक्शा और शेड चढ़े भ्रष्टाचार की भेंट

फरसगांव/नवप्रदेश। जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता का नारा तो बुलंद किया जा रहा है, लेकिन हकीकत में यह मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। जिले की पंचायतों में कचरा संग्रहण के लिए वितरित किए जा रहे गार्बेज रिक्शा और लाखों की लागत से बने सेग्रीगेशन शेड (कचरा गृह) सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। आलम यह है कि जो रिक्शा पंचायतों की गलियों में सड़कों पर नजर आने चाहिए थे, वे आज पंचायत भवनों के बाहर खड़े-खड़े कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं।

लाखों के शेड, उपयोगिता शून्य-सिर्फ रिक्शा ही नहीं, बल्कि कचरे के निपटान के लिए बनाए गए सेग्रीगेशन शेड भी बंदरबांट का नमूना पेश कर रहे हैं। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इन शेडों का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। न कचरा संग्रहण की कोई ठोस व्यवस्था है और न ही प्रबंधन की।

पुराने कबाड़ में तब्दील रिक्शा

मीशन का खेल: बाजार भाव से दोगुनी वसूली

सूत्रों और जानकारों की मानें तो इस पूरी प्रक्रिया में 'कमीशनखोरी' का बड़ा खेल चल रहा है। जो गार्बेज रिक्शा खुले बाजार में 20,000 से 25,000में आसानी से उपलब्ध है, उसी रिक्शे के लिए पंचायतों से 52,000 से 55,000 वसूले जा रहे हैं।जिले से पंचायतों को राशि और वेंडर का नाम तय करके भेजा जाता है। पंचायतें सिर्फचेक काटकर वेंडर को भुगतान करने का जरिया बनी हुई हैं। जब इस संबंध में जिला अधिकारियों से सवाल किया जाता है, तो वे बड़ी चालाकी से गेंद पंचायतों के पाले में डाल देते हैं कि खरीदी पंचायतों ने की है।

पिछले सत्र की नाकामी से भी नहीं लिया सबक

यह कोई पहली बार नहीं है। पिछले सत्र में भी कई पंचायतों को दो-दो रिक्शे दिए गए थे, लेकिन सही प्रबंधन और मॉनिटरिंग के अभाव में वे आज लोहे के ढेर बन चुके हैं। सरकारी पैसे को पानी की तरह बहाया जा रहा है, जबकि धरातल पर स्वच्छता की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

कोंडागांव जिले में स्वच्छ भारत मिशन की आड़ में चल रहा यह खेल उच्च स्तरीय जांच की मांग करता है। यदि समय रहते इन वेंडरों और जिम्मेदार अधिकारियों पर नकेल नहीं कसी गई, तो जनता की गाढ़ी कमाई इसी तरह कबाड़ में तब्दील होती रहेगी।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

भ्रष्टाचार के आरोपों और कबाड़ होते रिक्शों के बीच जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने गेंद पंचायतों के पाले में डाल दी है। उनका कहना है कि गार्बेज रिक्शा का रखरखाव और उसका उपयोग करना पंचायतों की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाधान सुझाते हुए कहा कि पंचायतों को स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कचरा उठाने के काम में जोड़ना चाहिए, ताकि संसाधनों की उपयोगिता बनी रहे। सीईओ ने जल्द ही इस संबंध में सभी पंचायतों को नए सिरे से निर्देश जारी करने की बात कही है।

बाल विवाह : समय रहते प्रशासन ने की कार्यवाही टीम ने रुकवाया विवाह

कांकेर/नवप्रदेश। जिला बाल संरक्षण इकाई को प्राप्त सूचना के आधार पर ब्लॉक भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत तुएगहन, थाना कोरर क्षेत्र में प्रस्तावित बाल विवाह पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त विवाह आगामी 30 अप्रैल से प्रारंभ होना था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस थाना कोरर के स्टाफ शामिल रहे। टीम मौके पर पहुंचकर बाल विवाह की रोकथाम की कार्यवाही में जुट गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच, उपसरपंच, पटेल एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौके पर उपस्थित रहे। टीम द्वारा लड़के एवं लड़की की उम्र से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम है, जो कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित आयु से कम है। इसके बाद टीम ने माता-पिता एवं परिजनों को समझाइश दी तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। परिवार द्वारा सहमति पत्र/पंचनामा पर हस्ताक्षर कर बाल विवाह नहीं करने की सहमति दी गई। इस प्रकार प्रशासन की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोका गया।

सही दवा शुद्ध आहार, यही है छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय जांच अभियान आज से

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिले में 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा शुद्ध आहार, यही है छत्तीसगढ़ का आधार÷ थीम पर 15 दिवसीय जांच अभियान संचालित किया जाएगा। जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से संचालित किए जा रहे इस अभियान के लिए कलेक्टर द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले को शामिल कर पृथक - पृथक दो खाद्य एवं औषधि प्रकोष्ठ टीम गठित किया जा रहा है। इन दलों के द्वारा 15 दिवसीय जांच अभियान में जिले में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकयुक्त दवाओं व खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, मिलावट,नकली दवाओं और औषधि बिक्री पर नियंत्रण के साथ -साथ जनसामान्य को सुरक्षित दवा का उपयोग और स्वच्छ पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि जनस्वास्थ्य की रक्षा और सुधार हो सके। इसके लिए जिले के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों जैसे थोक एवं खुदरा औषधि विक्रेता, फास्ट मूविंग कास्मेटिक एजेंसी, अस्पतालों से जुड़ी फार्मेसी चेन, वेक्सीन संधारण,स्वानक औषधि भण्डारण एवं विक्रय,कोटपा अधिनियम अंतर्गत चालानी कार्रवाई एवं जागरूकता, संदेहास्पद औषधि एवं प्रसाधन सामग्री का नमूना संग्रहण करनें के साथ -साथ विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जैसे चाट, गुपचुप सेंटर, गन्ना रस,साफ्ट ड्रिंक्स, आइसक्रीम वेंडर्स,ड्रेसरी प्रोडक्ट, होटल,ढाबा, रेस्टोरेंट,केक एवं बेकरी प्रोडक्ट विनिर्माण,पेप्सी,आइसकैंडी,आइस गोला विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन जांच एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जायेगी।

खाद्य प्रकोष्ठ हेतु जिला अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नमूना सहायक तथा औषधि प्रकोष्ठ के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग को शामिल कर गठित संयुक्त टीम द्वारा जिले के औषधि एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच एवं जागरूकता अभियान का संचालन किया जाएगा तथा प्रतिदिन किये गये कार्रवाई का संकलन कर जानकारी नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर को भेजा जाएगा।

चंद्रप्रकाश कुलदीप बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

सीताराम मानस संगठन छत्तीसगढ़ का हुआ विस्तार

फरसगांव/नवप्रदेश। सीताराम मानस संगठन छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने कार्यकारिणी के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद, कोंडागांव जिले के फरसगांव (कोर्राप्लाट) निवासी और शिव शरण मानस परिवार के संचालक चंद्रप्रकाश कुलदीप को सर्वसम्मति से प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।

कला के जरिए संस्कृति संरक्षण

धार्मिक कार्यों के साथ-साथ चंद्रप्रकाश अपनी कला के माध्यम से बस्तर की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में भी जुटे हैं। उन्होंने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सी इस नाइन मॉरल म्यूजिक' के जरिए गांड़ा जाति की सांस्कृतिक महत्ता, बस्तर की मेला संस्कृति और गोंड जनजाति की 'बूढ़ादेव सेवा संस्कृति' पर विशेष एल्बम तैयार कर जनमानस तक पहुँचाया है।

उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई है कि उनके अनुभव से संगठन की गतिविधियों और धर्म-प्रचार के कार्यों को मीडिया के माध्यम से व्यापक विस्तार मिलेगा।

सांस्कृतिक और धार्मिक सेवाओं का मिला सम्मान

चंद्रप्रकाश कुलदीप की यह नियुक्ति उनके द्वारा मानस (रामायण) के प्रचार-प्रसार और सनातन संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए की गई है। एक प्रतिष्ठित भजन गायक और कथावाचक के रूप में श्री कुलदीप ने न केवल कोंडागांव और छत्तीसगढ़, बल्कि अन्य राज्यों में भी शिव कथा, रामायण पाठ और भजन संध्या के माध्यम से धर्म की अलख जगाई है।

कट्टा लेकर दोस्त की पत्नी को धमकाने वाला आरोपी जेल दाखिल

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस सहायता केंद्र जटगा, थाना कटघोरा क्षेत्रांतर्गत एक आरोपी के विरुद्ध गंभीर अपराध दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया।प्रार्थिया द्वारा आवेदन दे कर आरोपी राकेश दुबे पिता स्वर्गीय देवी शरण, 43 साल निवासी हुसैन, थाना मुस्करा, जिला हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम बांधापारा, जटगा,थाना- कटघोरा के विरुद्ध गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपी को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं 5 नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया।बताया जा रहा है कि आरोपी लगभग 20 वर्ष से जटगा का निवासी है और यहीं पर उसने स्थानीय युवती से विवाह भी किया है। उक्त मामले में प्रार्थी महिला के पति से उसकी पुरानी दोस्ती है। पति-पत्नी में किसी बात को लेकर अनबन हो गई और बातचीत बंद होने की जानकारी पति के द्वारा अपने मित्र आरोपी राकेश दुबे को बातों ही बातों में दी गई थी। इस बात को लेकर राकेश दुबे थोड़ा आवेश में आ गया और दोस्त की पत्नी को सबक सिखाने के लिए उसे धमकाने कट्टा लेकर दोस्त के घर जा धमका और घटनाक्रम को अंजाम दिया। अब उसे इस तरह से दोस्ती निभाना महंगा पड़ गया और सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा- 296, 351(3),331(4), बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।कोरबा पुलिस द्वारा इस प्रकार की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से स्पष्ट है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पेज 1 का शेष...

अब 'सरेंडर' की होगी...

द्वारा दी गई जानकारी और विवरण को लेखबद्ध करने तथा उसे अद्यतन (अपडेट) करने के लिए आधिकारिक रूप से नामांकित किया गया है।

पिछले जीवन का ...

करना होगा कि दी गई जानकारी का संबंधित निकायों से सटीक सत्यापन कराया जाए। जानकारों का मानना है कि जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षकों को सीधे तौर पर विवरण अपडेट करने के लिए नामांकित करने से पुनर्वास योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक जल्द पहुंच सकेगा और छद्म आत्मसमर्पण जैसी स्थितियों पर लगाम लगेगी।

वर्तमान समय में बुद्ध ...

दूर-दराज के लोग भी इससे जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा बौद्ध परंपरा हमें प्रकृति से जुड़ना भी सिखाती है। भगवान बुद्ध को ज्ञान एक वृक्ष के नीचे मिला था। प्रकृति हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। देश में भी ऐसे प्रयास हो रहे हैं। कर्नाटक में कर्मा मोनास्ट्री इसका अच्छा उदाहरण है। यह मठ एक जीवंत वन क्षेत्र है, जो, 100 एकड़ में फैला है। इस वन में 700 से अधिक देसी वृक्षों को संरक्षित किया गया है। साथियो, बुद्ध का संदेश सिर्फ अतीत नहीं है। यह आज भी प्रासंगिक है और भविष्य के लिए भी जरूरी है। बुद्ध पूर्णिमा का यह अवसर प्रेरणा देता है। हम अपने जीवन में शांति बढ़ाएँ, करुणा अपनाएं और संतुलन के साथ आगे बढ़ें।

कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या...

नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गयी हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाज़ों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प।

उन्होंने कहा, ÷हमारी मांग स्पष्ट है, सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सज़ा मिले और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा तथा मुआवज़ा सुनिश्चित किया जाए। भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली इस राजनीति के सामने हम झुकेंगे नहीं। न्याय होकर रहेगा।

नहीं रहे प्रख्यात फोटोग्राफर...

घटना को अपने कैमरे के जरिए कैद किया था। उन्होंने पीड़ितों की, जो तस्वीरें क्लिक की थीं, उसने पूरी दुनिया का ध्यान इस हादसे की भयावहता की ओर खींचा था।

श्री राय ने अपने कैमरे से 20वीं सदी की कई प्रभावशाली हस्तियों के जीवन के अनमोल क्षण भी कैद किये। श्रीमती इंदिरा गांधी और मदर टेरेसा जैसे व्यक्तित्वों की उनकी तस्वीरें आज भी ऐतिहासिक दस्तावेज मानी जाती हैं। मदर टेरेसा के जीवन पर उनकी पुस्तक सेंट मदर विशेष रूप से चर्चित रही।

अकाउंटेंट को गुटखा ...

और ड्राइवर पैसे लेकर गीतांजलि नगर के लिए निकले। खम्हारडीह थाने से कुछ ही दूरी पर एक पान ठेले के पास ड्राइवर कृष्णा साहू ने अकाउंटेंट को गुटखा लाने के लिए कहा। जैसे ही अकाउंटेंट गाड़ी से नीचे उतरा, ड्राइवर ने गाड़ी स्टार्ट की और मौके से फरार हो गया। अकाउंटेंट ने घटना की जानकारी तुरंत कारोबारी को दी। इसके बाद कारोबारी ने अपने रिश्तेदार अखिलेश प्रसाद को सूचित किया और आरोपी ड्राइवर के खिलाफखम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

एक साल से काम कर रहा था ड्रायवर

बताया जा रहा है कि आरोपी कृष्णा साहू भाठागांव का रहने वाला है और पिछले एक साल से कारोबारी के यहां काम कर रहा था। घटना के बाद से उसका मोबाइल बंद है और वह फरार है। खम्हारडीह थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में उसकी तलाश शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। शिकायत के बाद आरोपी ड्रायवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा जल्द होगा आरोपी गिरफ्तार।

छत्तीसगढ़ के शक्कर ...

आई इस भारी गिरावट की बड़ी वजह किसानों द्वारा गन्ना आपूर्ति में कमी है। समय पर भुगतान नहीं मिलने से किसानों का मोहभंग हो चुका है और वे अब मिलों को गन्ना देने से पीछे हट रहे हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनोज कुमार वर्मा (Manoj Kumar Verma) पिता गिरधारी लाल वर्मा (Girdhari Lal Verma), उम्र 40 वर्ष, निवासी म.नं.-446/3, मितान चौक, मोहन माला के सामने, सुभाष नहर, दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 491001 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम मनोज कुमार से परिवर्तित कर नया नाम मनोज कुमार वर्मा रख लिया है। पुराना नाम मनोज कुमार (Manoj Kumar) पिता- गिरधारी लाल वर्मा (S/o-Girdhari Lal Verma) निवासी- नं.-446/3, मितान चौक, मोहन माला के सामने, सुभाष नहर, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन 491001 है जिसे नया नाम मनोज कुमार वर्मा (Manoj Kumar Verma) पिता-गिरधारी लाल वर्मा (S/o-Girdhari Lal Verma) निवासी- नं.-446/3, मितान चौक, मोहन माला के सामने, सुभाष नहर, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन 491001

मनोज कुमार वर्मा
पिता- गिरधारी लाल वर्मा
निवासी- नं. 446/3, मितान चौक, मोहन माला के सामने सुभाष नगर, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
पिन 491001

मंत्री तोखन ने हुडको के समारोह में 'विकसित भारत 2047' के लिए शहरी परिवर्तन पर दिया जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। *आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टीन ऑडिटोरियम में हडको (हुडको) के वार्षिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति रही, जो देश की शहरी विकास यात्रा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।*

अपने उद्बाटन संबोधन में श्री साहू ने कहा कि यह अवसर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत के शहरी भविष्य को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने इसे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के अनुरूप एक 'महायज्ञ' बताते हुए कहा कि बुनियादी ढांचा आधारित विकास देश की प्रगति का प्रमुख आधार है। श्री साहू ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत के 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में शहरों की केंद्रीय भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि 2050 तक देश की शहरी आबादी 50 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है, जिसके लिए लगभग 2.4 ट्रिलियन डॉलर के शहरी निवेश की आवश्यकता होगी। इस दिशा में नवाचारी वित्तीय तंत्र एवं सुदृढ़ योजना ढांचे की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया। उन्होंने 'अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ)' एवं 'अर्बन इन्वेस्टमेंट विंडो' जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये योजनाएं शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने, निवेश योग्य परियोजनाओं को विकसित करने तथा म्युनिसिपल बॉन्ड, वैकल्पिक निवेश फंड एवं इक्विटी जैसे आधुनिक वित्तीय साधनों के उपयोग को बढ़ावा देंगी। श्री साहू ने कहा कि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शहरी बुनियादी ढांचे की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बैठक में राज्यों द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा की गई तथा समयबद्ध क्रियान्वयन, वित्तीय स्थिरता एवं निवेश आधारित विकास पर बल दिया गया।

'शेल्टर' पत्रिका सहित विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन

केंद्रीय बजट 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय के साथ शहरी विकास को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें विशेष रूप से टियर-टू एवं टियर-थ्री शहरों तथा तीर्थ स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान 'iWIN टेक्निकल असिस्टेंस फ्रेमवर्क', 'शेल्टर' पत्रिका सहित विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन किया गया तथा दीर्घ सेवा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। साथ ही शहरी अवसंरचना में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को सुदृढ़ करने और वित्तीय रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं के विकास पर केंद्रित तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर श्री साहू ने हडको की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संस्था राज्यों एवं शहरों को परियोजना संरचना, व्यवहार्यता आकलन एवं डीपीआर निर्माण में व्यापक परामर्श सेवाएं प्रदान कर सकती है तथा शहरी परियोजनाओं के लिए पूरक वित्तपोषण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी दिन श्री साहू ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ 'अर्बन चैलेंज फंड' राज्य समीक्षा बैठक की सह-अध्यक्षता भी की, जिसमें विभिन्न राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

न्यूज़ गैलरी

एयू के कुलसचिव से मारपीट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। तोरवा में अटल बिहारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के साथ ओवरटेक विवाद में मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरटीओ से मिली जानकारी के आधार पर फॉरच्यूनर कार तक पहुंचकर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और वाहन भी जब्त किया। तोरवा पावर हाउस चौक निवासी प्रभारी कुलसचिव तरनीश गौतम शनिवार को ड्राइवर नहीं होने के कारण अपनी कार से विश्वविद्यालय जा रहे थे। स्वास्तिक अस्पताल के पास फॉरच्यूनर (सीजी 10 एटी 0017) सवार युवकों ने ओवरटेक को लेकर उनसे विवाद शुरू कर दिया। कुछ ही देर में बात बढ़ी और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए सरेराह मारपीट की, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद शिकायत पर तोरवा पुलिस ने टेक्निकल इनपुट और आरटीओ की मदद से आरोपियों की पहचान मस्तूरी निवासी लाखन सिंह (32) और जयप्रकाश राठौर (29) के रूप में की। दोनों को भदौरा गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि लाखन कार मालिक का साला है, जो दोस्त के साथ घूमने निकला था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर युवक के जीजा की कार को जब्त कर लिया है।

हाइवा ने मासूम को कुचला, मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी के ग्राम चिरदा में शनिवार दोपहर तेज रफ्तार हाइवा ने 4 साल के मासूम को कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, बांदा (यूपी) से आया 4 वर्षीय सतीश शुक्ला गर्मी की छुट्टियां मनाने रिश्तेदार के घर आया था। दोपहर करीब 1:15 बजे वह घर के सामने दुकान से बिस्किट लेने जा रहा था, तभी 12 चक्का हाइवा (सीजी 10 बीयू 8561) ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मस्तूरी और पचपेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। गाड़ी विनय यादव के नाम पर रजिस्टर्ड बताई जा रही है। गाड़ी मालिक ने हाइवे के पीछे दबदबा हे तोर भाई के लिखवाया था। ग्रामीणों का कहना है कि शिवनाथ नदी से रेत का परिवहन इसी रास्ते से होता है। रोज सैकड़ों ट्रैक्टर और हाइवा गुजरते हैं, लेकिन न स्पीड कंट्रोल है और न ही सख्ती से जांच। इसी लापरवाही के चलते सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी उनकी भांजी की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। लगातार हादसों से परिवार सदमे में है।

याचिकाकर्ता को डॉक्यूमेंट्री सबूत रिकॉर्ड कर नई एप्लीकेशन फाइल करने छूट

ईवीएम मशीन से छेड़छाड़ मामले में कांकेर सांसद को हाईकोर्ट से राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांकेर से निर्वाचित सांसद भोजराज नाग पर ईवीएम मशीन में छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तत्कालीन उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने निर्वाचन रद्द करने की मांग कर चुनाव याचिका पेश की थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि मशीनों की दोबारा जांच के लिए कोई निर्देश तब तक जारी नहीं किया जा सकता जब तक मौखिक या डॉक्यूमेंट्री सबूत के ज़रिए गड़बड़ी के बारे में कोई सबूत रिकॉर्ड पर न रखा गया हो। याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को डॉक्यूमेंट्री सबूत रिकॉर्ड करने के बाद नई एप्लीकेशन फाइल करने की छूट दी गई है।

हाईकोर्ट में यह एप्लीकेशन कांकेर से सांसद पद के उम्मीदवार बिरेश ठाकुर ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर ,रिर्टनग ऑफिसर को 26 अप्रैल 2024 को कांकेर पार्लियामेंट्री सीट के लिए हुए इलेक्शन में इस्तेमाल हुई ईवीएम (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट यूनिट) की चेकिग और वेरिफिकेशन करने की इजाज़त देने के लिए एक ऑर्डर जारी करने के लिए फाइल की है। इस इलेक्शन पिटीशन में पिटीशनर ने आरोप लगाया है कि इलेक्शन प्रोसेस रिर्टनग ऑफिसर ने गलत इरादे से किया था और इसमें कई तरह की गड़बड़ियां और गलत काम किए, जिससे इलेक्शन के नतीजे पर काफी असर पड़ा। पिटीशनर ने आरोप लगाया है कि दूसरी रैंडमाइजेशन रिपोर्ट में मशीन नंबर वीवीपेट यूनिट और अलग-अलग असेंबली सीटों गुंडरदेही नंबर 61, सिहावा नंबर 56, संजरीबालोड नंबर 59, डोंडी लोहारा (एसटी) नंबर 60, और केशकाल नंबर 82 के पोलिग स्टेशनों के फॉर्म 17सी में मशीन नंबर में कुछ अंतर हैं। गिनती में गड़बड़ी के सबूत लाएं बताई गई कानूनी स्थिति और इलेक्शन पिटीशन में दी गई दलीलों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने माना कि इस समय ईवीएम मशीनों की दोबारा जांच के लिए कोई निर्देश तब तक जारी नहीं किया जा सकता जब तक पार्टियों द्वारा मौखिक या डॉक्यूमेंट्री सबूत के ज़रिए गड़बड़ी के बारे में कोई सबूत पहली नज़र में रिकॉर्ड पर न रखा गया हो। चुनाव याचिका खारिज कर पिटीशनर को कांकेर संसदीय क्षेत्र नंबर 11 के इन विधानसभा क्षेत्रों में वोटों की गिनती में गड़बड़ी के बारे में कुछ मौखिक या डॉक्यूमेंट्री सबूत रिकॉर्ड करने के बाद नई एप्लीकेशन फाइल करने की छूट दी जाती है।

तहसीलदार के बेदखली आदेश पर रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। संबलपुर, तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा के खसरा नंबर 370 में शासन द्वारा की जा रही तोड़फोड़ की कार्यवाही हेतु तहसीलदार द्वारा जारी आदेश के प्रभाव एवं प्रचलन पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है और याचिकाकर्ता की बेदखली नहीं करने का आदेश दिया। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने आदेश जारी किया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रतीक शर्मा हाईकोर्ट में याचिका पेश कर बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा याचिकाकर्ता राज सिंह बंजारे और कई अन्य व्यक्तियों को दुकानें आवंटित की गई हैं, परंतु प्रतिवादी तहसीलदार, नांदघाट, जिला बेमेतरा,द्वारा केवल याचिकाकर्ता और एक अन्य व्यक्ति को ही इसे हटाने का नोटिस जारी किया गया है, जो कि अवैध और मनमाना है। अत:, इस मामले के अंतिम निर्णय आने तक, प्रतिवादियों को याचिकाकर्ता के शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप करने से रोका जाए वर्तमान आवेदन को स्वीकार करने और 23 अप्रैल 2026 के नोटिस के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगाने की प्रार्थना की गई । राज्य की ओर से याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा दिए गए निवेदन का विरोध किया गया।अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और निवेदनों पर विचार करते हुए जस्टिस अमितेश किशोर प्रसाद ने एक अंतरिम राहत देते हुए , तहसीलदार, नांदघाट जिला बेमेतरा ,द्वारा जारी 23 अप्रैल के नोटिस के प्रभाव और क्रियान्वयन, पर अगली सुनवाई की तारीख तक रोक लगा दी है। इसके अतिरिक्त, यह निर्देश भी दिया गया कि वह अगली सुनवाई की तारीख तक याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई भी दंडात्मक कदम न उठाए, जिसमें अतिक्रमण हटाना भी शामिल है। अगली सुनवाई 4 जुलाई को निर्धारित की गई है।

चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। धारदार हथियार लहराकर आम जनता को डराने वाले एक आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1 नग धारदार चाकू बरामद किया है। अशांति फैलाने की आशंका पर 4 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी विजय नरेश उर्फ चप्पू सोनकर द्वारा मधुबन शराब भट्ठी के पास आम रोड पर धारदार हथियार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमकाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार को अवगत कराया गया, जिनके निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी को पकड़ा गया, जिसके पास से 01 नग धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 4 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है जिसमें मदन गौर उर्फ हितेश, पिता लखन लाल गौर, उम्र 36 वर्ष, निवासी तेलीपारा गली नं.-02 कोतवाली, गोलू उर्फ बालू यादव, पिता होम लाल उर्फ छोटू यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी कृष्णा गौशाला के पास, जूना बिलासपुर, आकाश धीरज, पिता सुरेश धीरज, उम्र 19 वर्ष, निवासी तेलीपारा, थाना सिटी कोतवाली, लक्की उर्फ प्रियांशु साहू, पिता दिनेश साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी माता चौरा, सरकण्डा शामिल हैं। उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 66, 67, 68, 69/2026 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

'संवाद' में अमर अग्रवाल ने समान नागरिक संहिता पर रखे विचार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमर अग्रवाल ने अपने फेसबुक लाइव कार्यक्रम 'संवाद' के माध्यम से आज समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की एकता, समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे संविधान निर्माताओं की दूरदर्शी सोच का हिस्सा रहा है, जिसे अब लागू करने की दिशा में ठोस पहल हो रही है।

अमर अग्रवाल ने कहा कि जब देश एक है और संविधान एक है, तो सभी नागरिकों के लिए कानून भी एक समान होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ष्ट किसी भी धर्म या आस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह केवल विवाह, तलाक, उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों में समानता लाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण कई बार समान परिस्थितियों में भी लोगों को अलग-अलग न्याय मिलता है, जिससे असमानता पैदा होती है। यूसीसी इस असमानता को समाप्त कर सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करेगा। महिलाओं के अधिकारों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आज भी कई व्यक्तिगत कानूनों में महिलाओं को बराबरी नहीं मिलती। सीसी महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार दिलाने का मजबूत माध्यम बनेगा। अमर अग्रवाल ने उत्तराखंड में लागू यूसीसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां यह स्पष्ट हो चुका है कि इस कानून से किसी की धार्मिक स्वतंत्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह समाज में पारदर्शिता और व्यवस्था को मजबूत करता है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सीसी लागू होने से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा, न्यायिक प्रक्रिया सरल और तेज होगी तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को कानूनी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग इस विषय को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि सीसी केवल नागरिक जीवन से जुड़े मामलों को व्यवस्थित करता है और संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता पूरी तरह सुरक्षित रहती है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बीईएमएल, बेंगलुरु में 'आदित्य' कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बीईएमएल लिमिटेड के टिप्पसंद्रा परिसर, बेंगलुरु का दौरा किया, जहाँ उन्होंने उच्च गति रेल निर्माण के लिए समर्पित विशेष कॉम्प्लेक्स 'आदित्य' का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि उच्च गति रेल प्रौद्योगिकी अत्यंत जटिल एवं सूक्ष्म है, और इसका देश में विकास स्वदेशी अभियांत्रिकी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नव उद्घाटित आदित्य कॉम्प्लेक्स वर्तमान में बी-28 कोचों के विकास हेतु तैयार किया गया है। मंत्री ने उच्च गति रेल की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित करते हुए कहा कि इन ट्रेनों के आगमन से प्रमुख शहर एक-दूसरे के विस्तार के रूप में देखे जाने लगेंगे। उन्होंने चेन्नई और बेंगलुरु के बीच यात्रा समय का उदाहरण देते हुए बताया कि यह घटकर मात्र 73 मिनट रह जाएगा, जिससे दोनों शहर एक एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित होंगे। मुम्बई और बेंगलुरु के बीच कनेक्टिविटी के संबंध में मंत्री ने कहा कि दो नई सेवाओं के शुरू होने से संपर्क और बेहतर होगा। हुबली के रास्ते एलएचबी कोचों के साथ एक नई मेल/एक्सप्रेस सेवा शुरू की जाएगी, और एक वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस जल्द ही संचालन में लाई जाएगी। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर बोलते हुए मंत्री ने पुष्टि की कि मंगलुरु और बेंगलुरु के बीच वंदे भारत सेवा बहुत जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सेवा की योजना बनाते समय मडगांव तथा कर्नाटक के अन्य तटीय शहरों को जोड़ने का विशेष ध्यान रखा गया है। तकनीकी बाधाओं को दूर कर लिया गया है, जिसमें हासन-मंगलुरु खंड का विद्युतीकरण पूर्ण होना तथा तीव्र ढलानों पर सुरक्षा के लिए ऑटोमेटेड इमरजेंसी ब्रेकिंग (एईबी) प्रणाली का समावेश शामिल है। दौरे के समापन पर मंत्री ने टिप्पसंद्रा संयंत्र के इंजीनियरों की सराहना करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के रोलिंग स्टॉक पर उनका कार्य विकसित भारत के विजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बड़े पैमाने पर अवसंरचना विकास के साथ पर्यावरणीय स्थिरता और जन-जागरूकता के संतुलन हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

आयोजनः आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल की उत्कृष्ट सहभागिता

खेल का विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिकाः श्रीवास्तव

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल नेशनल गेम्स में उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सैनिक स्कूल अंबिकापुर द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित एवं संचालित की गई, जिसमें ग्रुप 'एफ' के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल कोरूकोंडा, सैनिक स्कूल संबलपुर, सैनिक स्कूल भुवनेश्वर तथा एलायंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा सहित अन्य विद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर टी. एस. बावा उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन और समर्पण पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए तथा इंट्रा ग्रुप 'एफ' फुटबॉल टूर्नामेंट की क्लोजिंग सेरेमनी की औपचारिक घोषणा की। सैनिक स्कूल अंबिकापुर द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन एवं सशक्त संचालन ने इस प्रतियोगिता को अत्यंत सफल बनाया। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित, अनुशासित और प्रेरणादायक रहा, जिससे सभी

प्रतिभागियों को एक सकारात्मक एवं प्रेरक वातावरण प्राप्त हुआ। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के छात्र इस प्रतियोगिता में अपने कोच उत्तम साहू तथा शिक्षक सत्यनारायण के नेतृत्व में अंबिकापुर पहुँचे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने न केवल उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का भी परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के डायरेक्टर एस.के. जनस्वामी ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास करते हैं। उन्होंने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भागीदारी को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए छात्रों की सराहना की। विद्यालय की प्रिंसिपल जी.आर. मधुलिका ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके जीवन में अनुशासन, सहयोग और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को ऐसे मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस पांच दिवसीय आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए न केवल अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि उन्होंने बहुत कुछ नया सीखने का अवसर भी प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने समय प्रबंधन, प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग, और खेल भावना के महत्व को व्यवहारिक रूप में समझा, जो उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के इस सराहनीय प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

पारदर्शिता, विश्वास और अवसर

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026

अब एकरूप, सरल और सम्मिलित भर्ती प्रक्रिया

सभी शासकीय विभागों के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा

युवाओं के लिए बढ़ेंगे शासकीय सेवा के अवसर

न्यायपूर्ण चयन प्रक्रिया से योग्यता को मिलेगा सही सम्मान

S- 47608/1

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

अब सस्ती फ्लाइट्स भी खोज कर देगा चेट जीपीटी, जानिए पूरा प्रोसेस

नई दिल्ली। ऑनलाइन ट्रैवल सर्च को और आसान बनाने के लिए Skyscanner ने ChatGPT के साथ साझेदारी की है। इस नई सुविधा के जरिए यूजर्स अब सीधे ChatGPT के अंदर ही फ्लाइट्स सर्च, कीमतों की तुलना और यात्रा का समय चेक कर सकते हैं।

यह इंटीग्रेशन खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो ट्रिप प्लान कर रहे हैं या आखिरी समय में सस्ती फ्लाइट ढूंढना चाहते हैं। सबसे खास बात यह है कि यहां दिखाई जाने वाली जानकारी लाइव अपडेट होती है, जिससे यूजर्स को हमेशा ताजा कीमतें और विकल्प मिलते हैं।

कैसे करें इस्तेमाल?

ChatGPT के जरिए फ्लाइट सर्च करने के लिए यूजर्स को कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले ChatGPT ऐप या वेबसाइट में लॉग-इन करें। इसके बाद मेन्यू में जाकर Apps सेक्शन खोलें और Skyscanner को एक्टिवेट करें।

फिर एक नया चैट शुरू करें और अपनी जरूरत के मुताबिक सर्च लिखें, जैसे—दिल्ली से लंदन के लिए अगले महीने की सबसे सस्ती फ्लाइट बताएं। इसके बाद ढ्ढ टूल आपको तुरंत कई विकल्प दिखा देगा, जिनमें कीमत, एयरलाइन और यात्रा समय जैसी पूरी जानकारी शामिल होगी।

क्या हैं इसके फायदे?

इस फीचर की मदद से यूजर्स एक ही जगह पर कई फ्लाइट ऑप्शन्स देख सकते हैं और आसानी से उनकी तुलना कर सकते हैं। अगर आप अपनी सर्च में बदलाव करना चाहते हैं, तो सिर्फ चैट में नया निर्देश देना होगा—पूरी प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की जरूरत नहीं पड़ती।इसके अलावा, यह टूल अलग-अलग एयरलाइंस से डेटा लेकर लगातार अपडेट रहता है, जिससे आपको हमेशा सही और ताजा जानकारी मिलती है। इतना ही नहीं, अब यूजर्स एक ही चैट के भीतर फ्लाइट्स के साथ होटल और कार रेंटल जैसी सेवाएं भी सर्च कर सकते हैं। इस नए फीचर के साथ ट्रैवल प्लानिंग पहले से कहीं ज्यादा तेज, सरल और स्मार्ट हो गई है।

न्यूज गैलरी

सेबी का बड़ा फैसला, एफपीआई को एक ही दिन के ट्रेड में फंड नेटिंग की अनुमति

मुंबई। सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को एक ही दिन के कैश मार्केट ट्रेड में फंड को एडजस्ट (नेट) करने की अनुमति दे दी है। इस कदम का उद्देश्य कामकाज को आसान बनाना और लागत कम करना है, खासकर इंडेक्स रीबैलेंसिंग के समय। नए नियम के तहत, अब एफपीआई एक ही दिन में किए गए शेयरों की बिक्री से मिले पैसे का इस्तेमाल उसी दिन की खरीद के लिए कर सकेंगे। यानी अब उन्हें हर ट्रांजैक्शन अलग-अलग सेटल करने की बजाय केवल नेट (बचा हुआ) पैसा ही चुकाना होगा।अभी तक एफपीआई को हर ट्रेड का पूरा भुगतान अलग-अलग करना पड़ता था, जिससे ज्यादा पैसे की जरूरत होती थी, लागत बढ़ती थी और विदेशी मुद्रा में नुकसान भी होता था।बाजार के लोगों ने लंबे समय से इस समस्या की शिकायत की थी, खासकर उन दिनों में जब इंडेक्स रीबैलेंसिंग के कारण ट्रेडिंग बहुत ज्यादा होती है और कामकाज मुश्किल हो जाता है।सेबी ने कहा कि यह नया सिस्टम 31 दिसंबर 2026 तक लागू कर दिया जाएगा।रेगुलेटर ने साफ किया कि यह सुविधा केवल आउट्राइट ट्रांजैक्शन पर लागू होगी, यानी जब एक ही सिक्योरिटी में केवल खरीद या केवल बिक्री की गई हो।अगर एक ही सिक्योरिटी में एक ही समय में खरीद और बिक्री दोनों होती है, तो उस पर यह सुविधा लागू नहीं होगी और पुराने तरीके से ही सेटलमेंट होगा।सेबी ने यह भी बताया कि अगर बिक्री की रकम खरीद से कम होती है, तो बाकी रकम एफपीआई को खुद देनी होगी।वहीं, अगर बिक्री की रकम ज्यादा है, तो अतिरिक्त पैसा किसी अन्य खरीद को एडजस्ट करने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।रेगुलेटर ने यह भी स्पष्ट किया कि फंड भले ही नेट किए जा सकें, लेकिन शेयरों का सेटलमेंट पहले की तरह अलग-अलग (ग्रॉस बेसिस) पर ही होगा। इसके अलावा, सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) और स्टाम्प ड्यूटी जैसे टैक्स पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

यूपीआई से मिनटों में निकलेगा पीएफ का पैसा, करोड़ों ईपीएफओ मेंबर्स के लिए कुछ नए जरूरी अपडेट्स

नई दिल्ली। देश के करोड़ों कर्मचारियों के लिए जल्द ही राहत भरी खबर आने वाली है। EmployeesÓ Provident Fund Organisation (EPFO) अपने सिस्टम में बड़ा डिजिटल बदलाव करने जा रहा है, जिसके तहत PF (प्रोविडेंट फंड) निकालना पहले से कहीं ज्यादा आसान और तेज हो जाएगा। अभी तक PF निकालने के लिए लोगों को कई दिन इंतजार करना पड़ता है और कई बार क्लेम रिजेक्ट होने की परेशानी भी सामने आती है। लेकिन नए सिस्टम के लागू होने के बाद कर्मचारी Unified Payments Interface (UPI) के जरिए कुछ ही मिनटों में पैसा अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। यह सुविधा EPFO के अपग्रेडेड डिजिटल प्लेटफॉर्म CITES 2.0 (EPFO 3.0) के जरिए शुरू की जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया तेज, पेपरलेस और पारदर्शी बनेगी।श्वक्कन्ह के पास इस समय करीब 7.98 करोड़ सदस्य और 82 लाख से अधिक पेंशनर्स जुड़े हुए हैं। बड़ी संख्या में खाताधारकों की चङ्क्ष्ट प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।

सोना-चांदी खरीदने का मौका! दामों में आई गिरावट

मुंबई। सोने और चांदी की शुरुआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई। दोनों कीमती धातुओं के दाम करीब आधा प्रतिशत तक फिसल गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की शुरुआत अपने पिछले सत्र के बंद 1,51,761 रुपए के मुकाबले 1,51,167 रुपए पर हुई। सुबह 9ः40 पर सोने का 05 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.47 प्रतिशत या 718 रुपए की कमजोरी के साथ 1,51,043 रुपए पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,51,039 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,51,457 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है।

वहीं, सत्र में चांदी की शुरुआत पिछले सत्र के बंद 2,41,513 रुपए के मुकाबले 2,39,200 रुपए पर हुई थी। चांदी का 5 मई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.35 प्रतिशत या 842 रुपए की गिरावट के साथ 2,40,671 रुपए पर थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,39,200 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,41,382 रुपए का उच्चतम स्तर बनाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में बिकवाली देखने को मिल रही है। खबर खिले जाने तक कॉमेक्स पर सोना 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,684 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.92 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74.81 डॉलर प्रति औंस पर थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी एनालिस्ट मानव मोदी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने, यील्ड के बढ़ने और मध्य पूर्व में तनाव को लेकर अनिश्चितता के कारण सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि कच्चे तेल के दोबारा से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल जाने से महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है, जिसके चलते भी सोने और चांदी पर दबाव देखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, अमेरिका के उम्मीद से बेहतर प्रारंभिक पीएमआई डेटा ने आर्थिक मजबूती को पुष्ट करते हुए और तत्काल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को कम करते हुए सोने पर दबाव बढ़ाया।

गूगल एन्थ्रोपिक में 40 अरब डॉलर तक का करेगा निवेश

नई दिल्ली। अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में बड़ा दांव खेलते हुए एआई कंपनी एन्थ्रोपिक में 40 अरब डॉलर तक निवेश करने की योजना बनाई है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब दुनियाभर की बड़ी टेक कंपनियां एडवांस एआई मॉडल और इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से निवेश कर रही हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रस्तावित निवेश में शुरुआती तौर पर 10 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा, जो एन्थ्रोपिक के 380 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर आधारित होगा। इसके बाद बाकी 30 अरब डॉलर का निवेश कंपनी के प्रदर्शन से जुड़े लक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा।

यह निवेश दोनों कंपनियों के बीच पहले से चल रही साझेदारी को और मजबूत करता है। इस साझेदारी के तहत गूगल, एन्थ्रोपिक को क्लॉड इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराता है और उसके एआई मॉडल, खासकर क्लॉड सीरीज तक पहुंच देता है।इसके अलावा, एन्थ्रोपिक, गूगल के कस्टम टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स (टीपीयू) का इस्तेमाल करता है, जो पारंपरिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) का एक विकल्प हैं।एआई टूल्स की बढ़ती मांग के कारण कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए एन्थ्रोपिक ने हाल ही में गूगल और ब्रॉडकॉम के साथ मिलकर 5 गीगावाट कंप्यूट क्षमता हासिल की है और इसे आगे और बढ़ाने की योजना है। दिलचस्प बात यह है कि साझेदारी के बावजूद दोनों कंपनियां एआई बाजार में एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी भी हैं। गूगल के जेमिनी मॉडल, एन्थ्रोपिक के एआई मॉडल्स को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।गूगल ने 2023 में पहली बार एन्थ्रोपिक में 300 मिलियन डॉलर का निवेश किया था, जिससे उसे लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली थी।

एशियाई ओलंपिक परिषद को लिखा पत्र

नईदिल्ली। भारत ने 2036 के ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए अपनी दावेदारी पेश करने और राष्ट्रमंडल खेल 2030 के मेजबानी अधिकार हासिल करने के बाद एशियाई खेल 2038 पर अपनी निगाहें जमा ली हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने एशियाई ओलंपिक परिषद को पत्र लिखकर एशियाई खेल 2038 की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है। बता दें कि 2026 संस्करण जापान के आइची-नागोया, 2030 संस्करण दोहा और 2034 संस्करण रियाद में आयोजित किया जाएगा।

चीन के सान्या में महाद्वीपीय निकाय की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत के प्रस्ताव पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि एशियाई ओलंपिक परिषद की मूल्यांकन टीम बोली का आंकलन करने के बाद देश का दौरा करेगी। भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा, हम एशियाई खेलों की मेजबानी के इच्छुक हैं। हम एशियाई ओलंपिक परिषद के संपर्क में हैं और हमने कतर के एशियाई ओलंपिक परिषद अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल थानी पत्र लिखकर अपनी रुचि व्यक्त की है। भारत के अलावा, दक्षिण कोरिया और मंगोलिया अन्य ऐसे देश हैं जिन्होंने 2038 एशियाई खेलों की मेजबानी में रुचि दिखाई है। भारत ने 1951 में पहली बार एशियाई खेलों की मेजबानी की थी। यह इवेंट आखिरी बार 1982 में देश में आयोजित हुआ था।

भारतीय महिला टीम आत्मसम्मान की लड़ाई में उतरेगी

जोहानिसबर्ग। पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला गंवाने के बावजूद भारत के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है.

मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है. महिला क्रिकेट की मौजूदा दौर की कई स्टार खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम लगातार निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर श्रृंखला में वापसी करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाएगी.इस साल जून में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए, भारतीय टीम के पास प्रेरणा की कोई कमी नहीं होगी क्योंकि वह बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी. पिछले साल अपना पहला आईसीसी खिताब (वनडे विश्व कप) जीतने वाली भारतीय टीम के खेल के छोटे प्रारूप में लगातार तीन हार के बाद कई कमजोरियां उजागर हुई हैं. टीम के बल्लेबाज एकजुट प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं, जबकि गेंदबाजों का प्रदर्शन भी असरहीन रहा है।

कुंबले और हरभजन ने की सैमसन की पारी की सराहना

चेन्नई। अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना करते हुए इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की. मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, सीएसके की सफलता अक्सर उनके सलामी बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है. सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है. सिर्फ सात मैचों में दो नाबाद शतक, और उन्होंने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई है।

अश्विन-इरफान ने खराब कप्तानी के लिए की हार्दिक की आलोचना

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 103 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। चेन्नई सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन (101*) के शतक से 207/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 104 रन पर ढेर हो गई। इस हार पर पूर्व खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन और इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की खराब कप्तानी की आलोचना की है। चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन ने अच्छी पिच पर चेन्नई सुपरकिंग्स को पहले बल्लेबाजी देने के लिए हार्दिक पांड्या की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह एक गलती थी जिसकी वजह से रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली टीम एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, हार्दिक पांड्या ने टॉस जीता और उस टीम को फायदा पहुंचाया जिसने इस टूर्नामेंट में सिर्फ पहले बल्लेबाजी करके ही मैच जीते हैं। पठान ने मुंबई की पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले की आलोचना की है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पिछले 6 टी-20 मैचों में से 4 में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने ही जीत हासिल की है। उन्होंने कहा, टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला मुंबई इंडियंस के लिए मुश्किल था, लेकिन फैसलों के बाद हिम्मत तो दिखानी ही पड़ती है।

परब्रमता चटर्जी के साथ काम कर खुश हैं निमृत कौर

कई बार शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखने लगती है। ऐसी ही दोस्ती अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया और बंगाली अभिनेता परब्रमता चटर्जी के बीच देखने को मिली। दोनों इन दिनों एक नई थ्रिलर-एक्शन वेब सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं। निमृत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपने को-स्टार की जमकर तारीफ की और उन्हें सबसे अच्छा इंसान बताया। निमृत कौर अहलूवालिया ने अपने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की, जो नैनिताल की शूटिंग के दौरान ली गई है। इस तस्वीर में वह और परब्रमता चटर्जी साथ खड़े नजर आ रहे हैं और कैमरे की तरफ मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर में उनकी दोस्ती साफ दिख रही है।

इस फोटो के साथ निमृत ने कैप्शन में लिखा, परब्रमता चटर्जी इस दुनिया के सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और उनके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

फिलहाल इस नई वेब सीरीज का नाम अभी सामने नहीं आया है और इसके बारे में ज्यादा जानकारी भी गोपनीय रखी गई है।

फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते शुरू हो चुकी है और इसे एक थ्रिलर-एक्शन कहानी के रूप में बनाया जा रहा है।

इससे पहले फरवरी में खबर आई थी कि निमृत एक नई थ्रिलर सीरीज में नजर आएंगी, जिसका नाम अब होगा हिसाब बताया जा रहा है। इसकी कहानी पंजाबी संस्कृति से जुड़ी होगी। इस शो में संजय कपूर, शहीर शेख और मौनी रॉय जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं।

इस सीरीज को एरे स्टूडियो प्रोड्यूस कर रहा है और इसका निर्देशन दिव्यांशु मल्होत्रा कर रहे हैं। कहानी एक रहस्य और बदले पर आधारित है, जिसमें इंसानी भावनाएं, सत्ता की लड़ाई और छिपे हुए राज दिखाए जाएंगे। इस कहानी में निमृत का किरदार काफी अहम बताया जा रहा है।

बता दें कि निमृत इससे पहले पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ गुरु रंधावा, बब्बू मान और गुग्गू गिल जैसे कलाकार भी थे। यह फिल्म 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

ब्रदर्स एंड सिस्टर्स लेकर आ रहे हैं रिश्तों की गर्माहट

ओटीटी के इस दौर में जहां एक ओर प्रयोगात्मक और अलग-अलग शैलियों का कंटेंट दर्शकों तक पहुंच रहा है, वहीं आज भी एक बड़ा वर्ग पारिवारिक कहानियों से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नई फैमिली ड्रामा वेब सीरीज 'ब्रदर्स एंड सिस्टर्स' दर्शकों के लिए पेश की जा रही है। मेकर्स ने घोषणा की है कि यह शो मई में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा।

इसका निर्देशन चिदंबरम मणिवन्नन ने किया है। यह सीरीज परिवार, रिश्तों और भाई-बहनों के बीच के प्यार और संघर्ष को भावुक अंदाज में पेश करती है। इस वेब सीरीज में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स की कहानी चार भाई-बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है। सभी भाई-बहनों की सोच, करियर और जिंदगी जीने का तरीका अलग-अलग है।कोई अपने काम में व्यस्त है तो कोई अपनी निजी जिंदगी की परेशानियों से जूझ रहा है, लेकिन इन सबके बीच जो चीज उन्हें जोड़े रखती है, वह है परिवार का रिश्ता और एक-दूसरे के लिए उनका प्यार। सीरीज में इसी रिश्ते की गर्माहट और परिवार के अंदर होने वाले छोटे-बड़े उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। सीरीज में बोस वेंकट एक सख्त पिता के किरदार में नजर आएंगे। उनका किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है, जो कपड़ों का शोरूम चलाता है और अपने परिवार को अपने सिद्धांतों के अनुसार चलाना चाहता है। वहीं गायत्री शास्त्री एक शांत और समझदार गृहिणी की भूमिका निभा रही हैं, जो परिवार को जोड़े रखने की कोशिश करती हैं।

रंग ला रही 'नियद नेल्लानार' योजना: सुकमा जिले के 22 गांवों में पहली बार पहुंची बिजली

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत सुकमा के इस क्षेत्र में विद्युतीकरण पूरा किया गया है, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो रहा है। वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित 22 गांव के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा। विद्युत कंपनी के प्रयास से अब वे गांव भी रोशन हो रहे हैं, जो आजादी के बाद से अंधेरे में थे। गांवों के घरों में जीवन में नई रोशनी आई है।

क्षेत्र में विद्युतीकरण काम किया जा रहा पूरा

शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत इस क्षेत्र में विद्युतीकरण पूरा किया गया, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो सकेगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से कार्य किया।

24 गांवों का भी शीघ्र होगा विद्युतिकरण

विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान ने इस संबंध में बताया कि शासन के नियद नेल्लानार योजना से सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित एवं सुदूर गांवों का विद्युतिकरण किया जा रहा है। इसमें से 22 गांव रोशन किया गया और 24 गांवों का विद्युतिकरण कार्य किया जा रहा है, जो शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा।

नियद नेल्लानार योजना से हो रहा विकास

बताया जा रहा है कि नक्सल प्रभावित और सुदूर क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव) के माध्यम से विकास की नई किरण पहुंची है। सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के बाद, सुकमा जिले के 22 से अधिक दूरस्थ गांवों में पहली बार बिजली की सुविधा पहुंचाई गई है, जिससे ग्रामीणों को दशकों के अंधेरे से राहत मिली है। इसमें से बेदे, टेकलगुड़ा, फूलनपाड, पारिया, तुमलपाल, छिंदाबेदल, जोनगुड़ा, रायगुड़ा, जब्बागुड़ा, मेडवाही, कन्हइगुड़ा आसपास के अति-संवेदनशील गांवों में जहां दशकों से बिजली नहीं थी, वहां अब घरों में बिजली जल रही है।

ग्रामीणों के लिए रहा ऐतिहासिक क्षण

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांवों के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा। गांव में पहली बार बिजली के बल्ब जले तो ग्रामीणों की आंखों में खुशी झलक उठी। छत्तीसगढ़ सरकार दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कर रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अब वे भी विकास की मुख्यधारा में जुड़ गए।

डिजिटल सेवाओं का होगा विस्तार

बताया जा रहा है कि बिजली की सुविधा मिलने से गांव में अब कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अब पहले से बेहतर हो सकेगी, क्योंकि अब वे रात में भी रोशनी में अध्ययन कर सकेंगे। बिजली आने से डिजिटल सेवाओं का विस्तार होगा, जिससे गांव के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में अन्य जरूरी सुविधाएं भी गांव में मुहैया कराई जाएंगी।

बालोद में भीषण सड़क हादसा

अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवकों और एक मासूम बच्चे की मौत

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बीते 13 घंटों के भीतर दो अलग- अलग सड़क दुर्घटनाओं दो युवक समेत 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस हादसे में लोगों के घर में मातम पसर गया है। पहली घटना बीती शाम करीबन साढ़े 5 बजे रनचिरई थाना क्षेत्रान्तर्गत धमतरी-गुंडरदेही मुख्य मार्ग पर अरमरीकला-पिकरीपार के पास महाराष्ट्र पासिंग ट्रक ने एक 7 वर्षीय बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने उचित मुआवजे, ब्रेकर बनाने तथा ट्रक चालक पर कठोर कार्यवाही करने की मांग को लेकर करीबन साढ़े 3 घंटे तक सड़क जाम कर दिया।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

वहीं दूसरी घटना सुबह डौंडीलोहारा थाना क्षेत्रान्तर्गत लोहारा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर अछोली के पास की है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। ट्रक डौंडीलोहारा से राजनांदगांव की ओर जा रहा था और दोनों युवक बाइक से डौंडीलोहारा की तरफआ रहे थे। तभी अछोली के पास बेपरवाह ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

मामले की जांच में जुटी पुलिस

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक दूर जा गिरे। हादसे में एक युवक सड़क से उछलकर नीचे जा गिरा, जबकि दूसरे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

टेंपरेचर के साथ बढ़ी शराब की खपत
एक ही दिन में गटक गए 41 करोड़ की शराब

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सूरज की तपिश बढ़ने के साथ ही मदिरा प्रेमियों की प्यास भी रिकॉर्ड तोड़ने लगी है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते 22 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में जाम इस कदर टकराए कि महज एक ही दिन में 41 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक की शराब की बिक्री हो गई। बढ़ती गर्मी और शादियों के सीजन के बीच बिक्री का यह चौंकाने वाला आंकड़ा अब तक के सबसे बड़े उछाल के रूप में देखा जा रहा है।

41 करोड़ 75 लाख रुपए की शराब बिक्री का बना रिकार्ड

खास बात ये है कि, 1 अप्रैल से शराब कारोबार का नया वित्तीय वर्ष शुरू हुआ है, दुकानों में कई नए ब्रांड भी उतारे गए हैं, लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य में नए और पुराने दोनों तरह के ब्रांड की जबरदस्त मांग बनी हुई है। हाल यह है कि, पिछले 22 अप्रैल 2025, एक ही दिन में शराब खपत का आंकड़ा करीब 33.86 करोड़ था, वहीं इस वर्ष 22 अप्रैल को एक ही दिन में 41 करोड़ 75 लाख रुपए की शराब बिक्री का रिकार्ड बना है। यानी इस बार एक ही दिन में बिक्री में 23.3 प्रतिशत का भारी उछाल आया है।

छोटे जिलों की बिक्री ने चौंकाया: बिक्री के इन आंकड़ों में राजधानी रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे बड़े शहरों का दबदबा तो पहले की तरह बरकरार है, लेकिन छोटे जिले भी चौंका रहे हैं। बड़े शहरों में रुटीन के हिसाब से जाम छलके, वहीं कोरिया और सूरजपुर जैसे जिलों में तो मानों मदिरा प्रेमियों ने रिकार्ड तोड़ अभियान छेड़ रखा है। इन जिलों में पिछले साल के मुकाबले हुई बढ़ोतरी बताती है कि, अब छोटे शहरों के शौकीन भी किसी से पीछे नहीं रहने वाले हैं।

22 दिनों में पी गए साढ़े 8 अरब से अधिक की शराब

दिलचस्प बात यह है कि, इस अप्रैल के शुरुआती 22 दिनों में ही प्रदेश के गले से 8 अरब 66 करोड़ रुपये से ज्यादा की शराब उतर चुकी है। नारायणपुर और बीजापुर जैसे इलाकों में इस बार शौकीन थोड़े शांत दिखे, जहां बिक्री में पिछले साल के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

एक नजर आंकड़ों पर

टॉप 3: जहां सबसे ज्यादा छलके जाम (22 अप्रैल की कुल बिक्री)

- रायपुर: 7 करोड़ 59 लाख,
- दुर्ग: 5 करोड़ 9 लाख 81,490
- बिलासपुर: 3 करोड़ 71 लाख 39,910

सबसे कम पीने वाले जिले (22 अप्रैल की सबसे कम बिक्री)

- नारायणपुर: 7 लाख 46 हजार
- सुकमा: 11 लाख 62,230

बीते साल की तुलना में छोटे जिले बना रहे रिकार्ड

खास बात ये है कि, राज्य के छोटे और दूरस्थ माने जाने वाले जिलों में इस भीषण गर्मी में भी पियक्कड़ जमकर जाम छलका रहे हैं। यह इन तीन जिलों में बिक्री में वृद्धि के आंकड़ों से साफ होता है।

- कोरिया बीते साल के मुकाबले 78.4 फीसदी वृद्धि
- सुकमा में बीते साल के मुकाबले 74 फीसदी का इजाफा
- सूरजपुर : 65.9 फीसदी खपत बढ़ी

ड्रोन कैमरे में कैद हुआ रेत का अवैध कारोबार

■ झाड़ियों में छिपे लोडर-ट्रैक्टर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में शंखनी नदी से अवैध रेत उत्खनन का बड़ा खेल सामने आया है। तस्करों का नेटवर्क इतना संगठित है कि पूरे ऑपरेशन को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में ड्रोन कैमरे से सामने आई तस्वीरों ने इस अवैध कारोबार की परतें खोल दी हैं, जिसमें साफदिख रहा है कि किस तरह नदी किनारे बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है।

संगठित तरीके से चलता है खेल

सूत्रों के अनुसार, तस्कर झाड़ियों और सुनसान इलाकों में पहले से ही लोडर और अन्य मशीनें छिपाकर रखते हैं। जैसे ही ट्रैक्टर या अन्य वाहन पहुंचते हैं, कुछ ही मिनटों में रेत भरकर रवाना कर दिया जाता है।

रात में सक्रिय, दिन में 'साफ' तस्वीर

बताया जा रहा है कि अवैध उत्खनन का पूरा नेटवर्क मुख्य रूप से रात के अंधेरे में संचालित होता है। दिन के समय सब कुछ सामान्य दिखाने की कोशिश की जाती है, जिससे प्रशासन की नजर से बचा जा सके।

कार्रवाई पर सवाल

माइनिंग विभाग की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कागजों में अभियान चलने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर नजर नहीं आ रहा है। यही वजह है कि तस्कर बेखौफहोकर इस धंधे को अंजाम दे रहे हैं।

राजस्व को भारी नुकसान

इस अवैध गतिविधि के कारण शासन को हर दिन लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होना कई तरह के संदेह पैदा कर रहा है।

यात्रियों से भरा वाहन पलटा, 2 की मौत, 13 घायल

मोहला-मानपुर/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 930 पर मोहला-मानपुर इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। बोटेझर और पैंदुर गांव के बीच एक माल वाहक वाहन क्रमांक सीजी-08 एयू-5673 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार यात्रियों में से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन में कुल 13 लोग सवार थे, जो राजनांदगांव में आयोजित उर्स से लौट रहे थे।

13 लोग घायल, कई की हालत गंभीर

हादसे में घायल हुए सभी लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इनमें से 4 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

झपकी बनी हादसे की वजह

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना का मुख्य कारण वाहन चालक को आई झपकी को माना जा रहा है। अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क से नीचे उतर गया और हादसा हो गया।

खड़गांव थाना क्षेत्र में हुई घटना

यह पूरा मामला खड़गांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन द्वारा घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

युवती ने लगाया झांसा देने का आरोप, कर रहा था शादी की तैयारी

यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह अपनी शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। 7 मई को होने वाली शादी से पहले लगे गंभीर आरोपों ने पूरे मामले को सुर्खियों में ला दिया है।

शादी की तैयारी से जेल तक: जानकारी के मुताबिक, उनकी शादी 7 मई को तय थी और वह निमंत्रण पत्र बांटने सहित अन्य तैयारियों में व्यस्त थे। उनकी शादी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन में तय हुई थी और बारात निकलने की तैयारी भी चल रही थी।

युवती ने लगाए गंभीर आरोप: इसी बीच पांडातराई क्षेत्र की एक युवती ने रवि चंद्रवंशी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर करीब दस वर्षों तक उसका यौन शोषण किया। इस शिकायत के बाद मामला महिला थाना पहुंचा, जहां पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया।

कांग्रेस के बड़े नेता के साथ फोटो आए सामने

बता दे कि किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के साथ जोड़ा हुए है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के साथ उनकी फोटो सामने आई है।

पुलिस की कार्रवाई

महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

वन विभाग के 'पूर्णतः स्वस्थ' दावे पर उठे गंभीर सवाल

घायल बायसन की मौत, अधूरे इलाज की आशंका

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में कुकदूर वन क्षेत्र में घायल बायसन की मौत ने वन विभाग के दावों की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। शनिवार रात लगभग 9:30 बजे बायसन ने दम तोड़ दिया। आरोप है कि पर्याप्त उपचार और सतत निगरानी के अभाव में उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती रही, जबकि विभाग पहले ही उसे 'पूर्णतः स्वस्थ' घोषित कर जंगल में छोड़ने का दावा कर चुका था।

वन विभाग पर उठे सवाल, जांच की मांग

घटना के बाद अब यह सवाल प्रमुख हो गया है कि, 'पूर्णतः स्वस्थ' घोषित करने के बावजूद बायसन की स्थिति इतनी खराब कैसे हुई। क्या उसे अधूरे इलाज के बावजूद जंगल में छोड़ दिया गया या फिर बाद की निगरानी में गंभीर चूक हुई? वन विभाग ने शिकार के आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है, लेकिन इस घटना ने विभागीय संवेदनशीलता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



तीर से घायल बायसन की कहानी

मामले की शुरुआत उस समय हुई, जब शिकारियों ने बायसन को तीर मारकर घायल कर दिया था। वन विभाग ने रेस्क्यू कर उसके शरीर से तीन तीर निकाले और विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार किए जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद विभागीय प्रेस विज्ञप्तियों में बायसन को पूरी तरह स्वस्थ बताते हुए उसे जंगल में छोड़े जाने का उल्लेख किया गया।

बायसन की बदतर स्थिति

हालांकि, जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत सामने आई। ग्रामीणों और वायरल वीडियो में बायसन अत्यंत कमजोर स्थिति में जंगल में भटकता दिखाई दिया। वह ठीक से चल नहीं पा रहा था और भोजन करने में भी असमर्थ था। घावों में संक्रमण और कीड़े पड़ने की आशंका ने उसकी गंभीर स्थिति को उजागर किया।

इलाज में लापरवाही या प्रक्रिया की अनदेखी?

घायल बायसन के उपचार को लेकर विशेषज्ञों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इस स्तर की चोट में केवल तीर निकालना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि संक्रमण रोकने के लिए लंबा एंटीबायोटिक कोर्स, नियमित ड्रेसिंग और चिकित्सकीय निगरानी जरूरी होती है। यदि इन प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन नहीं हुआ, तो यह स्पष्ट लापरवाही मानी जाएगी। ऐसे मामलों में वन्यजीव को पूरी तरह स्वस्थ होने तक नियंत्रित वातावरण में रखना आवश्यक होता है, ताकि उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com